दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 38 जयपुर, मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





सच बेधड़क समूह के 'रामाभिषेकम् और विशाल आरती' के ऐतिहासिक अवसर पर बड़ा ऐलान...

# जयपुर में बनेगा अयोध्या जैसा राम मंदिर जल्द होगा काम शुरू: विनायक शर्मा



## गायक कैलाश खेर ने 'रामाभिषेकम् उत्सव और विशाल आरती' कार्यक्रम के लिए की विनायक शर्मा की तारीफ

**बेधड़क |** जयपुर

छोटी काशी उस वक्त राममय हो गई, जब दुनिया के मशहूर गायक कैलाश खेर ने सधे सुरों से प्रभु श्रीराम के भजनों, गीतों और सूफी संगीत का समां बांधा।

जब कैलाश खेर ने सुरीले सुरों में हजरत ख्वाजा फरीदुद्दीन गंजशकर का भजन 'कागा सब तन खाइयो, के चुन चुन खाइयो मांस... दो नैना मत खाइयो मोहे पिया (श्रीराम) मिलन की आस...' गाया, तो तमाम

लोग राम नाम के रस में डूब से गए। इस भजन की तान जब गुलाबी नगर की फिजा में गूंजी तो लोग ऐसे अल्बर्ट हॉल की ओर दौड़े चले आए और देखते ही देखते रामनिवास बाग का चप्पा-चप्पा खचाखच भर गया। फिर तो सूफी और शास्त्रीय संगीत के साथ गायकी के जादूगर कैलाश खेर ने एक के बाद एक उम्दा भजनों, गीतों की प्रस्तुतियां दी, तो तमाम श्रोता राम नाम के नशे में झूमने लग गए।

कैलाश खेर ने बुल्ले शाह के सूफी कलाम 'नी मैं जाणा जोगी दे नाल, मक्के गया गल मुक़दे नहीं... सुनाया तो लगा मानो भगवान राम स्वयं उनके गले में आ बैठे हों।

इसके बाद सुपर हिट फिल्म 'बाहुबली' का गाने 'कौन है, कौन है वो... कहां से वो आया...' की तान छेड़ी तो हजारों श्रोता झूमते हुए उनके साथ गाने लगे। मनोज मुंतशिर के इस गाने के बाद उनका ही एक और गाना 'जै जैकारा... क्या कभी अंबर से, सूर्य बिछड़ता है... क्या कभी बिन बाती, दीपक जलता है' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

खेर ने 'अजी मैं तो राम ही राम भजूंगी... राम ही पार लगाएंगे' से जहां राम की स्तुतिगान को नई ऊंचाइयां बख्शी, वहीं शिव तांडव स्त्रोत से 'अगड़ बम बबम, बबम बम बबम बबम बम बबम, बम लहरी' गाया तो उनकी रेशमी और सधी आवाज ने मानो शिव को मंच पर साक्षात उतार दिया। उनके सुपर भजन 'दूर उस आकाश की गहराइयों में, इक नदी से बह रहे हैं आदियोगी...' की प्रस्तुति ने हर भक्त का दिल जीत लिया।

### विनायक यानी गणेश ला रहे हैं जयपुर में राम

कैलाश खेर ने अपनी प्रस्तुतियों के दौरान रामनिवास बाग में ठसाठस भरे रामभक्तों को संबोधित करते हुए जब "नमस्कार जयपुर" कहा तो हजारों कंठों ने समवेत स्वर में "नमस्कार" कहते हुए उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने सच बेधड़क मीडिया समूह की ओर से आयोजित "रामभिषेकम उत्सव और विशाल आरती" कार्यक्रम की भरपूर तारीफ करते हुए कहा, "जयपुर में आना मनोहारी लगा, यहां विनायक शर्मा यानी स्वयं गणेश जी मेरे दाता मेरे मेरे राम को ला रहे हैं। वाकई विनायक शर्मा ने का अध्यात्म के प्रति लगाव सराहनीय है, उन्हें आप सबने बहुत प्यार दिया, इस प्यार को बरकरार रखिएगा।" उन्होंने कहा कि हम फैन्स को परिवार के सदस्य कहते हैं, फैन्स तो अंग्रजी शब्द है।



### संतों के सान्निध्य में वेद ऋचाओं के साथ हुआ रामलला का अभिषेक और विशाल आरती


**जयपुर।** अयोध्या में रामलला की 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार को छोटी काशी भगवान राम के रंग में रंगी नजर आई। अटूट उत्साह और रोमांच के बीच हजारों लोग रामलला के महाभिषेक और विशाल आरती के साक्षी बने, वहीं विनायक शर्मा, सृष्टि जैन, संतों-महंतों और पंडितों के साथ ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और दीयाकुमारी, विधायक बालमुकुंदाचार्य आदि ने यह आरती की। मौका था, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप की ओर से अल्बर्ट हॉल पर भव्य और दिव्य कार्यक्रम रामाभिषेकम् उत्सव और विशाल आरती कार्यक्रम का। कार्यक्रम की शुरुआत अयोध्या से लाए गए रामलला के सिद्ध विग्रह के पंचामृत अभिषेक से हुई। सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर विधिवत् शुरुआत की। पूजा अर्चना में 51 सिद्ध पंडितों के साथ रेवासा पीठ के राघवाचार्य, महेश दत सहित कई पीठों के आचार्यों ने मंत्रोच्चार किया। निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन एसएल सिहाग ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा होती है तो एक अनपढ़ कबीर हो जाता है, एक मूर्ख कालिदास हो जाता है, एक डाकू वाल्मीकि बन जाता है। उन्होंने कहा कि जयपुर के लिए भाग्य की बात है जो अध्योध्या से पहले ही छोटी काशी में माहौल राममय हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रथम पूज्य गणेश जी की वंदना से हुआ। कार्यक्रम में आए हुए पंडितों और विभिन्न मठों के संतों ने गणेश वंदना की।

### ये हस्तियां बनी श्रीराम के महाभिषेक की साक्षी

रामाभिषेकम उत्सव और महाआरती प्रोग्राम में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मंत्री जोराराम कुमावत, वृंदावन धाम से रितेश्वर महाराज, रेवासा पीठ के डॉ. राघवेंद्र चार्य, मैयर सौम्या गुर्जर, इंटरनेशनल कब्बडी प्लेयर दीपक हुड्डा, पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा, आईएएस कुलदीप रांका, सहित कई दिग्गज मौजूद रहे।

### फिजा में गूंजा जय श्री राम

रामाभिषेकम उत्सव और महाआरती में रामनिवास बाग का पूरा माहौल राम मय हो गया। हर तरफ जय श्री राम, जय श्री राम के नारों से गुंजायमान था। युवा से लेकर बच्चों, बुजुर्गों तक ने हाथ में भगवा झंडा लहराते हुए जय सियराम जय सियाराम के जयकारे लगाए। संतों के उद्बोधन के दौरान पूरा परिसर जय सियाराम, वन्दे मातरम व जय श्री राम गूंजता रहा।



### राम का चरित्र ही देश का चरित्र

रेवासा पीठाधीश्वर डॉ. राघवेंद्राचार्य ने कहा कि ऐसा लगता है 22 जनवरी को तो राम जी अयोध्या में आएंगे लेकिन 15 जनवरी को जयपुर में आ गए हैं। ऐसा दृश्य है कि बाल स्वरूप राम जी का अभिषेक, श्रृंगार और भक्तिमय आभा के साथ जयपुरवासी लाभान्वित हुए हैं। यहां पर वैष्णो सम्प्रदाय की जो धूम मची है वो दिग दिगन्तर तक पहुंच गई हैं। विनायक शर्मा को मैं मंगलकामनाएं अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि राम जी का चरित्र ही इस देश का चरित्र है। राम ने कभी प्रवचन नहीं किया। उनका चरित्र ही सबके सामने प्रचारित और प्रसारित हो गया। अब घर घर में रामायण का पाठ और राम की चर्चा होनी चाहिए। हरिशंकर वेदांती महाराज ने कहा कि किसी को धार्मिक बनना है तो राम जी का चरित्र देखना चाहिए। उन्होंने राम नाम जप की महिमा बताते हुए कहा कि राम नाम जपने वाले को किसी भी अन्य पूजा-अनुष्ठान की जरूरत नहीं होती। राम ही कल्याण का नाम है। किसी को कोई आशीर्वाद लेने की जरूरत है राम के नाम से ही कल्याण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्म से ही प्रजा सुखी रहती है।

### तनाव को भगाना है तो अध्यात्म जरूरी: शर्मा

विनायक शर्मा ने इस मौके पर ऐलान किया कि जयपुर में जल्द ही अयोध्या जैसा राम मंदिर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि राम की वंशज दिया कुमारी हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि हम शिक्षित तो हो गए लेकिन एंजायटी और डिप्रेशन ने हमें घेर लिया। बड़े लोग भी इसका ज्यादा शिकार है। लेकिन जब आप अध्यात्म को अपने जीवन में उतारते हैं तब आपको किसी भी प्रकार का तनाव नहीं होता है। अगर राम और कृष्ण को अपने जीवन में उतारा जाएगा तो संसार जो पीड़ा भोग रहा है वो सब दूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज मैं जो भी हूं उसमें गुरुकृपा, ईश्वर कृपा, शास्त्र कृपा तीनों हैं। सनातन और राम की ताकत यह है कि कम उम्र का युवा आज एक सेटेलाइट चैनल और दैनिक अखबार चला रहा है।

### शंकराचार्यों से राम मंदिर जाने की अपील


विनायक शर्मा ने चारों शंकराचार्य को प्रणाम करते हुए निवेदन किया कि राम मंदिर प्रतिष्ठा को सपोर्ट करे। प्रतिष्ठा में शंकराचार्यों का आशीर्वाद होगा तो यह सनातन के हित में होगा। अगर कोई भी भूल चूक हुई है तो आप क्षमा करके इस आयोजन को समर्थन दें। जिससे ये कार्यक्रम विश्व भर में सफल हो। जो सनातन विरोधी ताकतें आयोजन में विघ्न डालने की कोशिश कर रही हैं उनका मुंह बंद हो सके।

### राम नाम के तीन बीजों में छिपा है अद्भुत विज्ञान

विनायक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को सभी राम का आगमन का बोल रहे हैं लेकिन मैं मानता हूं कि राम के आगमन से नहीं, अभिषेकम् से शुरुआत होनी चाहिए। हमें केवल 22 जनवरी तक ही अपने मन में राम नहीं रखना है। 22 जनवरी के बाद भी हर दिन हमें राम नाम जपना है। राम को हम तब मान रहे हैं जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम का नाम विशुद्ध विज्ञान है। विज्ञान के साइड इफेक्ट होते हैं लेकिन विशुद्ध विज्ञान के कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं। राम नाम जप पूरी तरह वैज्ञानिक है क्योंकि राम नाम में समाहित तीन बीज र, आ और म में विज्ञान छुपा हुआ है। र बीज अग्नि, आ सूर्य और म चन्द्रमा का प्रतीक है।

रामाभिषेकम् कार्यक्रम में बोले रितेश्वर महाराज

# अब राम मंदिर को सुरक्षित रखना हम सबकी रहेगी जिम्मेदारी



- प्रेम की निशानी रामसेतु है ताजमहल नहीं
- हमारा ज्ञान सारे विश्व के विज्ञान पर भारी
- काम को पूजा मानें पर पूजा को काम ना मानें

**बेधड़क |** जयपुर

सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने कहा कि देश में राम मंदिर बन गया है। अब इस मंदिर के बनने के बाद इसे वर्षों तक सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। वरना आपको पता है, वर्षों पहले सोमनाथ मंदिर टूटा और कई दूसरे मंदिर भी तोड़े जा चुके हैं।

अल्बर्ट हॉल पर सच बेधड़क की ओर से आयोजित रामाभिषेकम् व विशाल आरती कार्यक्रम में रितेश्वर महाराज ने कहा कि राम से ज्यादा प्रेम करने वाला कोई नहीं है। अगर प्रेम की निशानी देखनी है तो राम का प्रेम देखिए कि किस तरह वे माता सीता को पाने के लिए वानर सहयोगियों के साथ मिलकर समुद्र पर पुल बांध कर राम सेतु बनाकर लंका में पहुंच गए। वरना, आपको पता है कि किस ताजमहल बनाने वाले कारीगरों के हाथ काट दिए गए थे। यह कैसा प्रेम है?

इसलिए प्रेम करना है तो राम की तरह करें। इससे पहले महाराज ने कहा कि जयपुर वीरों और भक्तों की भूमि है, आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है कि 492 वर्षों के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से एक सप्ताह पूर्व से ऐसा रामाभिषेकम भव्य आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को सच बेधड़क के फाउंडर व एडिटर एवं चीफ विनायक शर्मा आध्यात्म की डोर पकड़कर सफल कर रहे हैं।

### अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए देश में सभी जगह भारी उत्साह

उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह है। मैं अभी कुछ दिन पहले साउथ गया था। वहां की भाषा अलग, तरीके अलग हैं। लेकिन राममंदिर के लिए वहां भी उत्साह बना हुआ है। ऐसा ही उत्साह अयोध्या से लेकर जयपुर तक में बना हुआ है।

### धर्म और विज्ञान के बीच खाई

रितेश्वर महाराज ने कहा कि लोगों ने धर्म और विज्ञान में खाई पैदा कर दी है। भारत का आध्यात्मिक ज्ञान सारी दुनिया के विज्ञान का जनक है। क्योंकि आध्यात्म का मतलब है समग्र ज्ञान जबकि विज्ञान का मतलब है किसी विषय विशेष का ज्ञान। उन्होंने कहा कि धर्म का काम एंटरटेनमेंट करना नहीं है। देश को आगे बढ़ाने के लिए देशवासियों की ईमानदारी को जरूरी बताते हुए महाराज बोले कि राष्ट्रवाद देखना है तो जापान से सीखिए। उन्होंने संदेश दिया कि लोगों को काम को पूजा मानना चाहिए पर पूजा को काम की तरह नहीं करना चाहिए। इसे काम व कमाई की तरह नहीं देखना चाहिए। हर घर तुलसी और हर घर भजन की धारणा समाज में होगी तभी समाज आगे बढ़ेगा।

**जरूरी खबर**

## विधायक सराफ ने किया CCTV कैमरे का लोकार्पण



**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से न्यू राजा पार्क में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का लोकार्पण किया। पार्षद स्वाति परनामी ने बताया की स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं। कैमरे लगने से अब अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। इस मौके पर सराफ का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अशोक छाबड़ा, सचिव संपत लाल सुराणा, संरक्षक सुदर्शनलाल ग्रोवर, रमेश गुलाटी आदि मौजूद रहे।

## BJP ने चंद्रशेखर को दी तेलंगाना की जिम्मेदारी

**जयपुर।** प्रदेश में बीजेपी संगठन महा मंत्री चंद्रशेखर को अब तेलंगाना की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह की भी जल्द ही छुट्टी हो सकती है। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि राजस्थान में चंद्रशेखर के स्थान पर ओडिसा या बिहार के संगठन महामंत्री को लाया जाएगा। बिहार के संगठन मंत्री भीखू भाई को लाने पर विचार हो सकता है। चंद्रशेखर 6 साल से प्रदेश में भाजपा संगठन के लिए काम कर रहे थे। वे अब राजस्थान छोड़ना चाहते थे। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर नई जिम्मेदारी की मांग भी की थी।

## नए विधायकों का प्रबोधन कार्यक्रम विस में आज



**जयपुर।** राजस्थान की 16वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक दिन का प्रबोधन कार्यक्रम मंगलवार को होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि इसका उद्घाटन सुबह 10:30 बजे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। समापन समारोह शाम 4 बजे होगा, जिसके मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। सदन में आचरण तथा संसदीय परम्पराएं विषय पर सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह और विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी, राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, लोकसभा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल आदि अपना संबोधन देंगे।

### प्रदेशभर में होगी कड़ी कार्रवाई, पहले दिन 6 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक एक्सकेवेटर मशीन जब्त

# अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा, राज्य में शुरू हुआ अभियान

### वाहन चालकों के लाइसेंस व RC होंगे निरस्त




**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ से अभियान शुरू किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल के निर्देश के बाद 31 जनवरी तक चलने वाले अभियान में अवैध खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरूआत जयपुर जिले में भी सोमवार को हो गई। अभियान में राजस्व, पुलिस, वन, परिवहन विभाग एवं जयपुर विकास प्राधिकरण आदि विभागों को जोड़ा गया है। पहले दिन की कार्रवाई में संयुक्त कार्रवाई दल ने अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 6 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक एक्सकेवेटर मशीन जब्त की गई। कार्रवाई के बाद संयुक्त जांच दल ने जब्त वाहनों को संबंधित पुलिस थानाधिकारियों को सुपूर्द कर दिया। इसके साथ ही राजकीय भूमि में अवैध खनन करने वाले अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध तीन पीडीपीपी एक्ट में मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों के चालकों का लाइसेंस तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई शुरू होते ही अवैध खननकर्ताओं में हडकंप मच गया। कार्रवाई दलों के डर से कई चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। जिले में यह अभियान अतिरिक्त निदेशक बीएस सोढा, एसएमई प्रताप मीणा की देखरेख में शुरू हुआ।

### जिला कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई शुरू

जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य सचिव कृष्ण शर्मा ने बताया कि रविवार को कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि संयुक्त जांच दल ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए सांगानेर सदर पंचायत समिति में 2 ट्रैक्टर ट्रॉली, फागी पंचायत समिति में 2 ट्रैक्टर ट्रॉली, जमवारामगढ़ पंचायत सिमिति एवं बस्सी पंचायत समिति से एक-एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त कुल 6 ट्रैक्टर ट्रॉलियां एवं खोरा मीणा, आमेर में चुनाई पत्थर के अवैध खनन में लिप्त एक एक्सकेवेटर मशीन जब्त की है।

### खनन क्षेत्र की ड्रोन से होगी वीडियोग्राफी

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इसके तहत अवैध खनन करने वालों को कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही अवैध खनन वाले क्षेत्रों की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस वीडियोग्राफी को सुरक्षित रखा जाएगा। संबंधित इलाके में अगर कोई दोबारा से अवैध खनन करता है तो ड्रोन वीडियोग्राफी से वह पकड़ में आ जाएगा। वहीं संवेदनशील इलाकों की लगातार निगरानी भी की जाएगी।

### सीएम ने लिया विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का जायजा

# आदिवासियों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आदिवासियों को जोड़कर उनका विकास करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को गरीबी से बाहर निकालना, उत्कृष्ट शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत तब समृद्ध होगा, जब हमारे आदिवासी समुदाय समृद्ध होंगे। उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार आदिवासियों के जीवन स्तर को उच्च बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल सोमवार को बांसवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के अवलोकन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातियां हमारे समाज की आधारभूत इकाइयों में से एक हैं। वागड़ क्षेत्र के लोग मेहनती एवं प्रतिभाशाली हैं। गत वर्षों में अनदेखी के कारण वागड़ क्षेत्र विकास में पिछड़ गया। रेल एवं सड़क नेटवर्क का विस्तार कर यहां पर्यटन एवं उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने तलवाड़ा स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनसभा में मौजूद लोगों को विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलवाई। इससे पहले उन्होंने शिविर स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत चैक वितरित किए। समारोह में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सांसद कनकमल कटारा, विधायक कैलाश मीणा, शंकरलाल डेचा, पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, पूर्व विधायक भीमा भाई डामोर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



### गरीबी उन्मूलन के लिए हो रहे ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 2014 के बाद गरीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। आज केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के लिए बिजली, नल से जल, आवास, आयुष्मान योजना के तहत उपचार सुलभ कराने जैसी पहल की गई हैं। प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर इनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि हम इन योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अपने आस-पास रहने वाले पात्र व्यक्तियों को इनसे जोड़ें तथा देश के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं।

### राज्य सरकार पूरे कर रही जनता से किए वादे

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य में सरकार बनने के एक माह के अंदर ही प्रदेशवासियों से किए वादों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 1 जनवरी से 450 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने, बेरोजगारों एवं उनके परिजनों की आशाओं पर कुठाराघात करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन, गत वर्षों में पनपे विभिन्न प्रकार के माफिया एवं गैंगस्टर्स के उन्मूलन के लिए टास्क फोर्स बनाने जैसे निर्णय लिए जा चुके हैं। किसी भी प्रकार के आपराधिक तत्वों को प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगाड़ने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई योजना के माध्यम से पूर्व में संचालित योजना की खामियों को दूर किया गया है। इससे उपयुक्त स्थानों पर रसोइयों के संचालन से अधिक से अधिक लोगों को पौष्टिक भोजन सुलभ हो सकेगा।

### साकार हो रहा अंत्योदय का प्रण

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र नागरिकों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश में गरीब, युवा, महिला, किसान सहित सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हों। यह यात्रा भारत सरकार की समस्त योजनाओं की जागरूकता एवं लाभ का दायरा बढ़ाने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है।

### गाइडलाइन जारी, शेल्टर का काम शुरू

# SMS में आज से ऑन लाइन रेफरेंस सुविधा होगी प्रारंभ




**बेधड़क | जयपुर**

एसएमएस अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों अब को अव्यवस्थाओं से जूझना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना पर अब अस्पताल प्रशासन व्यवस्थाओं में सुधार करने में जुट गया है। इसी के साथ अस्पताल में मंगलवार से रेफरेंस सुविधा भी ऑन लाइन शुरू होने जा रही है। यह सुविधा शुरू होने से अब मरीजों को डॉक्टरों के रेफरेंस के लिए ओपीडी में चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे।

बता दें कि एसीएस शुभ्रा सिंह ने तीन दिन पहले रेफरेंस को ऑनलाइन करने के निर्देश अस्पताल प्रशासन को दिए थे। इसकी पालना में एसएमएस मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा शुरू किया गया। इसी के साथ ही अस्पताल में खाली जगहों पर शेल्टर बनाने की दिशा में काम शुरू किया गया है। इससे अब मरीजों बरसात, सर्दी-गर्मी में जूझना नहीं पड़ेगा। पहले चरण में बांगड़ के ठीक सामने करीब 15 लाख की लागत से शेल्टर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही रेडियोथैरेपी ब्लॉक-तीन नम्बर गेट के पास भी शेल्टर बनाने की प्लानिंग चल रही है। मरीज-परिजनों की सुविधा के लिए तैयार नवनिर्मित शेल्टर का अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. राकेश जैन, मीडिया प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पुरोहित, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. अनिल दुबे समेत अन्य चिकित्सक ने दौरा किया। इसके अलावा रेडियोथैरेपी ब्लॉक- तीन नम्बर गेट के पास भी शेल्टर की प्लानिंग की जा रही है, ताकि, मरीज व परिजनों को बैठने के लिए छायादार जगह मिले। सभी एचओडी को निर्देश दिए है कि आईएसएमएस पोर्टल के जरिए ही भेजे जाएं रेफरेंस भेजे जाए।

### राजभाषा समिति ने रेलवे कार्यालयों का किया निरीक्षण

# राजभाषा संबंधी दिशा-निर्देशों की पालना का दिया आश्वासन

**बेधड़क | जयपुर**

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति की ओर से जयपुर में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, केंद्रीय चिकित्सालय, जयपुर रेलवे स्टेशन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय व अजमेर में मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि निरीक्षण में सांसद रंजनबेन भट्ट, राज्यसभा सांसद सुशील कुमार गुप्ता व संगीता यादव मौजूद रहे।

संसदीय राजभाषा समिति के सदस्यों ने अजमेर मंडल डीआरएम राजीव धनखड, मुख्य कारखाना प्रबंधक विकास आनंद, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पी.सी.मीना, केंद्रीय रेलवे अस्पताल जयपुर, जयपुर डीआरएम विकास पुरवार, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजभाषा संबंधी प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संबंधित कार्यालयों की ओर से समिति सदस्यों से प्राप्त राजभाषा संबंधी दिशा निर्देशों की पालना की आश्वासन दिया गया।

उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय से मुख्य राजभाषा व कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण, तथा रेलवे बोर्ड से कार्यपालक निदेशक स्थापना श्रम कानून सुधीर कुमार तथा निदेशक राजभाषा डॉ. बरूण कुमार भी उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन भवन में ली अधिकारियों की बैठक

# पर्यटन को बढ़ाने के हों समुचित प्रयास

**बेधड़क | जयपुर**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की कार्य योजनाओं तथा 100 दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान को टूरिज्म में दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन स्थलों के आसपास गुणवत्तापूर्ण और आधारभूत सुविधाओं का विकास करना होगा।

उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में राजस्थान के पर्यटन का समग्र विकास करने के लिए पर्यटन विभाग के साथ ही अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से काम किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। दिया कुमारी ने कहा कि किसी भी पर्यटक स्थल पर यदि अधिक से अधिक पर्यटकों की आवाजाही सुनिश्चित करनी है तो उसके लिए एक समग्र कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर, पर्यटक स्थलों तक पहुंच के लिए बेहतर आवागमन की सुविधाएं विकसित करनी होगी। जिसमें रेल, सड़क और हवाई मार्ग सम्मिलित है।



पर्यटक स्थलों के आसपास आतिथ्य स्थल बेहतर होने चाहिए, आसपास का पूरा क्षेत्र आधुनिक सुविधाओं से युक्त होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मेलों एवं उत्सवों के आयोजनों को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए विभागीय स्तर पर एक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### आरपीएम में आज होगा ड्रोन शो

# प्रदेश पुलिस की साइबर हैकाथॉन कल से, सुरक्षा पर चर्चा करेंगे एक्सपर्ट

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और लोगों में इसके प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है। इसके लिए पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को मंच उपलब्ध करवाया जाएगा।

राजधानी में 17-18 जनवरी को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पुलिस की साइबर हैकाथॉन 1.0 आयोजित होगी। इसमें विजेता रहने वालों को विभिन्न श्रेणियों में कुल 20 लाख रुपए के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

इसमें साइबर हमलों का तोड़ निकालने और इन हमलों को रोकने के लिए एक्सपर्ट्स के साथ ही कई टीमें जुटेगी। इससे पहले मंगलवार को शाम 5 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी में ड्रोन शो होगा। जयपुर में पहली बार होने वाले इस शो में 300 से ज्यादा ड्रोन उड़ाए जाएंगे। ड्रोन शो के दौरान विशेषज्ञों की ओर से विभिन्न तकनीकों से लैस ड्रोन के डेमो दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। डीजी साइबर क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा और एडीजी हेड क्वार्टर संजय अग्रवाल ने सोमवार को साइबर हेकाथॉन 1.0 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेकाथॉन में साइबर हमलों के खतरे का मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा स्थिति में सुधार, नई तकनीकी और निरंतर सुधार पर चर्चा होगी।



### 20 लाख रुपए का मिलेगा नकद पुरस्कार

डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि मौजूदा समय में आधारभूत सूचनाओं के डाटा को साइबर खतरों से बचाना एक बड़ा चैलेंज है। इस हैकाथॉन के आखिरी फेज में टॉप तीन टीमों को साइबर हमलों को रोकने के लिए नई तकनीक के प्रजेंटेशन का मौका दिया जाएगा। इसमें विजेता रहने वालों को विभिन्न श्रेणियों में कुल 20 लाख रुपए के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। हर एक टीम को इवेंट के अनुसार इनाम दिया जाएगा। इन टीमों के समाधानों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा। साथ ही सभी टीमों को राजस्थान पुलिस के साथ इंटर्नशिप प्रोग्राम में भी शामिल किया जाएगा।

### 12 चुनौतियों पर होगा मंथन

साइबर हैकाथॉन के दौरान साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट भविष्य की 12 चुनौतियों पर चर्चा कर हल निकालने का प्रयास करेंगे। इनमें पुलिस का फीडबैक सिस्टम विकसित करना, उन्हें एआई-एआर का प्रशिक्षण, कैमरे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर फैसले लेने में सक्षम बनना, एफआईआर का एआई व मशीन प्रोग्रामिंग से एकदम सही अधिनियम एवं धाराएं लगाना, फर्जी वेबसाइटस, आने वाले ऐड एवं कस्टमर केयर के नंबरों की पहचान करना, निजी स्वामित्व वाले कैमरों की जियो टैगिंग करने की प्रणाली विकसित करना, फाइनेनशियल फ्रॉड के डाटा का विश्लेषण करने के लिए सॉफ्टवेयर बनाना, डीप फेक तकनीक का सहारा लेकर अपराध करने वालों को ढूंढना, 1930 हेल्पलाइन को और अधिक विकसित करना, एंटी ड्रोन सिस्टम विकसित करना आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी।

### हैकाथॉन में 300 टीमें लेंगी भाग

राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 17 और 18 जनवरी को आयोजित साइबर हैकाथॉन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों, रिसर्च लैबों और स्टार्टअप्स के 1665 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें करीब 300 टीमें भाग लेगी। यह टीमें 12 साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान निकालने के लिए 36 घंटे तक काम करेंगी।



फोटो: राजेश कुमावत/पंकज शर्मा

## अष्टधातु के सिद्ध रामलला और हनुमानजी के बाल विग्रह का अभिषेक, दर्शन को उमड़ा शहर

# रामाभिषेकम् से राममय हुई गुलाबी नगरी

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी की फिजा सोमवार को उस राममय हो गई, जब ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने सच बेधड़क मीडिया ग्रुप की ओर से रामाभिषेकम् और विशाल आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अयोध्या से लाए गए अष्टधातु के सिद्ध रामलला और हनुमानजी के बाल विग्रह के दर्शन करने के लिए शहर उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में राममय झंडे लेकर हजारों लोग आए और उन्होंने जयघोष के साथ झंडे लहराए। हर कहीं बस राम की जय-जयकार सुनाई देती रही। लोग जहां महाआरती में शामिल हुए, साथ ही  कैलाश खेर के भजनों को एंजॉय किया। हर उम्र और वर्ग के लोगों ने अपने देव को तालियों, हूटिंग, जयघोष से रिझाया। इस दौरान स्क्रीन के साथ वहां कई दफा भगवा लाइटिंग से सनातन संसार सजाया गया। बेहतरीन लाइट और संगीत से पूरा माहौल राम के रंग में रंगा गया।




































## जरूरी खबर

### गणेश मंदिर के रास्ते में आ धमका बाघ, सहमे लोग



**सवाईमाधोपुर।** रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर के रास्ते में सोमवार सुबह मिश्र दर्रा से पहले भेरुजी के चबूतरे पर एक बाघ के आ जाने के कारण लोग दहशत में आ गए। सुबह जब लोग त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए जा रहे थे तभी एक बाघ रास्ते में ही बने भेरुजी के चबूतरे पर आ खड़ा हुआ, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। दोनों तरफ यातायात कुछ समय के लिए थम गया। बताया जा रहा है कि बाघ एक बार तो आक्रामक भी दिखा, जिससे लोगों की रूह कांप गई। बाद में वह पलट कर वापस जंगल की ओर झाड़ियां में ओझल हो गया।

### जिम में विवाद के बाद दो पक्षों में चली गोलियां

**धौलपुर।** बाड़ी शहर के एडीजे कोर्ट के सामने सोमवार को दो पक्षों में कहासुनी के बाद फायरिंग हो गई। गोलियों की आवाज से लोग सहम गए और दहशत का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्ष के लोग फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक सुबह दो पक्षों में विवाद हुआ था। विवाद के बाद दोनों पक्ष बाजार में आकर भिड़ गए। शहर के एडीजे कोर्ट के पास दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों तरफ से गाली गलौज शुरू हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग शुरू कर दी। करीब 3 से 4 राउंड फायरिंग बताई जा रही है।

### बंगाली समाज ने की मगरमच्छ की पूजा-अर्चना



**कोटा।** जिले के नयागांव रोजड़ी गांव में बंगाली समाज के लोगों ने मकर संक्रांति पर मिट्टी का मगरमच्छ बनाकर उसकी पूजा-अर्चना की। मगरमच्छ को मां गंगा का वाहन माना जाता है। ऐसे में मकरध्वज के रूप में मगरमच्छ की पूजा का विधान इस समाज में वर्षों से चला आ रहा है। सोमवार को भी रोजड़ी में रहने वाले बंगाली समाज के लोगों ने 21 फीट लंबा मिट्टी का मगरमच्छ बनाया। उसकी पूजा-अर्चना और परिक्रमा की गई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। पूजा से पहले महिलाओं ने मंगल गीत गाए और खुशहाली की कामना की गई।

---

**ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स में हाजिरी देने पहुंचे पाकिस्तानी जायरीन बोले...**

# ख्वाजा से दुआ है... दोनों मुल्कों के बीच कायम रहे मोहब्बत

**बेधड़क** | अजमेर

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स में दरगाह जियारत के लिए सोमवार को पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से 230 जायरीनों का जत्था अजमेर पहुंचा। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने बताया कि अमृतसर से स्पेशल ट्रेन के जरिए जायरीन अजमेर पहुंचे।

अजमेर रेलवे स्टेशन पर पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। रेलवे स्टेशन से कड़ी जांच के बाद सभी पाक जायरीन को चूड़ी बाजार स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल ले जाया गया, यहां प्रशासन और नगर निगम की ओर से पाक जायरीनों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। जत्थे में शामिल कराची से आए जायरीन हसन रजा ने बताया कि यहां आकर काफी मोहब्बत मिल रही है, खुदा इस मोहब्बत को बनाए रखे। दोनों मुल्क एक हों और हम सभी एक दूसरे के यहां आ जा सकें। दुआ करेंगे कि दोनों मुल्कों के बीच मोहब्बत हमेशा बरकरार रहे।

पाकिस्तान के गुजरात क्षेत्र से आए यावर मोहम्मद ने बताया कि पहली बार उर्स के मौके पर अजमेर शरीफ आने का मौका मिला है। रविवार को पाकिस्तान से रवाना हुए थे और आज अजमेर पहुंचे हैं। यहां से अच्छी यादें लेकर जाएंगे। वहीं कराची से आए पताशी बताते हैं कि भारत आने के बाद लग ही नहीं रहा है कि किसी अन्य देश में आए हैं। यहां आकर अपना सा महसूस हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि बार-बार आते रहें।



### रक्षामंत्री राजनाथ की ओर से चादर पेश



ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चादर पेश की गई। चादर लेकर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान जयपुर से अजमेर पहुंचे। दरगाह में चादर पेश करने के बाद बुलंद दरवाजे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का संदेश पढ़ा गया। चादर पेश कर देश में अमन चैन और भाईचारा बना रहे, इसे लेकर दुआ की गई। दरगाह कमेटी की ओर से सभी प्रतिनिधियों का बुलंद दरवाजे पर दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया।

### पाक जायरीनों के लिए की व्यवस्था

कलेक्टर भारती दीक्षित ने बताया कि पाकिस्तानी जायरीन के लिए खाने-पीने, रहने और परिजनों से संवाद करने के लिए फोन की व्यवस्था भी सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में की गई है। बिना इजाजत के कोई भी जायरीन सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से बाहर नहीं जा पाएगा। उनकी हर जरूरत का सामान उन्हें स्कूल में ही उपलब्ध कराया जाएगा। जायरीनों को सर्दी से बचाव के लिए भी उत्तम व्यवस्था की गई है।

---

**बांसवाड़ा में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में सीएम ने कहा**

# प्रदेश की जनता को सुशासन देना ही सरकार की प्राथमिकता

■ अधिकारियों को अभावग्रस्त क्षेत्रों में जाकर हालात देखने के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में राज्य सरकार सबके साथ सबके विश्वास से प्रदेश को प्रगति पथ पर ले जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके प्रशासनिक अधिकारी अपने श्रेष्ठ अनुभवों के साथ आमजन के कार्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को सुशासन देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और फैसलों को धरातल पर उतारकर पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने में प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री सोमवार को बांसवाड़ा के उमराई स्थित त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम भजनलाल ने संभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रभावी निगरानी के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि संभाग की प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी आप पर है।



### आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बांसवाड़ा और संपूर्ण आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की प्रगति के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन तथा औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत स्तर पर ही हो समस्याओं का निपटारा

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय और राजधानी तक नहीं आना पड़े, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई की जाए। अधिकारी गरीब, असहाय और पीड़ितों के पास जाकर उनकी पीड़ा को सुनें। साथ ही अभावग्रस्त क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राज्य में एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे, यह हम सभी का दायित्व है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान का संकल्प लिया है। हमने सरकार बनते ही पेपरलीक, गैंगस्टर और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विशेष निर्णय लिए, जिनका असर दिखने लगा है। उन्होंने अधिकारियों को भ्रष्टाचारियों, खनन और भूमाफियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण

सीएम ने राजमार्गों एवं रेल लाइन से संबंधित मुआवजा प्रदान करने के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के लिए बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर के जिला कलक्टर्स को निर्देश दिए। उन्होंने संभाग में बिजली, पानी, सड़क व चिकित्सा आदि सुविधाओं की भी बिन्दूवार समीक्षा की। बैठक में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने संभाग और तीनों जिलों के जिला कलेक्टर ने जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा और विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सांसद कनकमल कटारा, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, लाभचन्द पटेल, पुलिस महानिरीक्षक एस. परामिला, बांसवाड़ा जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, डूंगरपुर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर अंजली राजोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिजीत सिंह (बांसवाड़ा), अमित कुमार (प्रतापगढ़) एवं कुन्दन कंवरिया (डूंगरपुर) सहित जिला और उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**जाट समाज का आरक्षण आंदोलन 17 से**

# सरकार नहीं कर रही वार्ता, समाज देगा महापड़ाव



**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में जाट समाज केंद्र में आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन की अंतिम तैयारियों में जुटा गया है। समाज ने 17 जनवरी से मुंबई रेलवे ट्रैक के पास महापड़ाव डालने की चेतवानी दी है। 7 जनवरी को राज्य सरकार के लिए 10 दिन का समय देने और 12 जनवरी को आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के बावजूद सरकार की ओर से वार्ता की कोई पहल नहीं की गई है। ऐसे में अब भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज ने 17 जनवरी को महापड़ाव डालने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोमवार को नदबई विधानसभा के पिपरऊ गांव में जाट समाज की एक बड़ी सभा आयोजित की गई। इसमें आस-पास के कई गांव के लोग मौजूद रहे। सभा में आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि सभी लोग 17 जनवरी को उच्चैन इलाके के जयचौली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां से पहले पड़ाव की शुरुआत होगी। आगे की रणनीति जाट समाज धरनास्थल पर समाजबंधुओं की मौजूदगी में तय करेगा। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज के लोगों को केंद्र में आरक्षण की मांग काफी समय से की जा रही है, लेकिन इसकी तरफ राज्य और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी भरतपुर-धौलपुर के जाटबंधुओं को केंद्र में आरक्षण की सिफारिश की थी।

---

**आक्रोशित लोगों ने डॉग को पीट-पीटकर मार डाला**

# मासूम बच्ची पर स्ट्रीट डॉग का हमला, मौत

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 6 माह की मासूम बच्ची को स्ट्रीट डॉग ने बुरी तरह नोंच-नोंच गंभीर घायल कर दिया। बाद में बच्ची की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मां स्ट्रीट डॉग को भगाने का प्रयास करती रही, लेकिन सफल नहीं हुई। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और डॉग को भगाया।

गंभीर स्थिति में बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां सर्जरी के एक घंटे बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। उधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डॉग को पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा थाने के हाजियास गांव में रविवार शाम 4 बजे की है। मृतका बच्ची के चाचा राजमल जाट ने बताया कि उसकी 6 माह की भतीजी चिंकी को चुन्नी के झूले में सुलाकर उसकी मां छोटी देवी गाय-भैंसों को चारा खिलाकर बांधने जा रही थी।



इसी दौरान गली में घूमता हुआ आवारा कुत्ता वहां आया और झूले में सो रही चिंकी पर हमला कर दिया। मां ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो देखा कि कुत्ता उसकी मासूम बच्ची को नोंच रहा था। बेटी पर हमला होते देख मां छोटी देवी ने कुत्ते को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार उसे नोंचता रहा। कुत्ता मासूम बच्ची का मुंह और जबड़ा बुरी तरह नोंच खाया। शोर सुनकर परिवार के लोग वहां पहुंचे और कुत्ते को भगाया। बच्ची को हॉस्पिटल लेकर गए।

---

**'विकसित भारत व जन आकांक्षाएं' विषय पर संगोष्ठी आयोजित**

# लोकतंत्र में आई विकृतियों को दूर किया जाए

**बेधड़क** | जयपुर

'विकसित भारत और जन आकांक्षाएं' विषय पर मुक्त मंच की ओर से 77वीं संगोष्ठी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य में भाषाविद् और चिंतक डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे।

संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया। संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. कुसुम ने कहा कि संसाधनों के संतुलित समन्वय से भौतिक विकास तो संभव है किंतु जनभावनाओं का विमर्श इकतरफा रह जाता है। ऐसे में हमारे जनप्रतिनिधियों को जन आकांक्षाओं के अनुरूप आमजन को सुखी, समृद्ध और खुशहाल बनाने के प्रयास करने चाहिए। मुख्य अतिथि अरुण ओझा ने कहा



कि देश में विकास अमीरों के लिए समर्पित है, जबकि सस्टेनेबल विकास होना चाहिए। सेवानिवृत आईएएस आरसी जैन ने कहा कि विकसित भारत की अवधारणा का कोई ब्लूप्रिंट अभी तक सामने नहीं आया है। हर कोई अपनी तरह से विकास को परिभाषित कर रहा है। प्रबुद्ध विचारक जीके श्रीवास्तव ने कहा कि बेरोजगारी विकास की प्रक्रिया में चुनौती बनती जा रही है, इसका समाधान आवश्यक है।

संगोष्ठी में डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रो. राजेंद्र गर्ग, वरिष्ठ व्यंग्यकार कवि फारूक आफरीदी, सेवानिवृत आईएएस एआर पठान, वरिष्ठ अभियंता दामोदर चिरानिया, युवा चिंतक लोकेश शर्मा, पत्रकार अनिल यादव, साहित्यकार यशवंत कोठारी और कवि कल्याण सिंह शेखावत ने भी विचार व्यक्त किए।

---

**डूंडलोद में तैयार होगा युवा पॉलिसी का खाका!**

# तीन दिवसीय यूथ कॉन्क्लेव 19 से, प्रदेशभर से युवा प्रतिनिधि होंगे शामिल

**बेधड़क** | झुंझुनूं

राजस्थान की आने वाली युवा नीति का खाका इस बार शेखावाटी में तैयार होगा। दरअसल शेखावाटी के झुंझुनूं जिले में स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल में राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से तीन दिवसीय यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन 19 जनवरी से किया जाएगा। इस कनक्लेव का आयोजन डूंडलोद शिक्षण संस्थान के प्रयासों से हो रहा है। इसमें युवा साथी संगठन भी सहयोगी रहेगा।

इस आयोजन की तैयारियों की जानकारी देते हुए शिक्षाविद्, कनक्लेव के संयोजक बीएल रणवां ने बताया कि यह पहला मौका है। जब शेखावाटी के एक छोटे से गांव डूंडलोद में राजस्थान युवा बोर्ड यूथ कनक्लेव कर रहा है। तीन दिवसीय कनक्लेव में प्रदेश के हर जिले से पांच-पांच युवा प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं झुंझुनूं जिले के हर पंचायत से दो-दो तथा हर नगरपालिका क्षेत्र से पांच-पांच प्रतिनिधि शामिल होकर युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बीएल रणवां ने बताया कि इस कनक्लेव के बाद युवाओं के हितों, विकास और उनके भविष्य को तैयार करने के लिए बनाए जा रही युवा नीति में यहां की चर्चाओं और निर्णयों को शामिल करवाया जाएगा। इसमें राज्य और केंद्र सरकार, दोनों शामिल होगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न सत्रों में हर क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। कनक्लेव में शामिल होने वाले युवाओं को फ्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू है।



### ट्यूर, डिस्कशन व सजेशन का होगा संगम

इस तीन दिन के कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के युवा एक साथ बैठकर न केवल विभिन्न विषयों पर संवाद करेंगे, बल्कि झुंझुनूं के ऐतिहासिक स्थलों का दौरा कर यहां की संस्कृति को भी करीब से जानेंगे। साथ ही आने वाले भविष्य में युवाओं को क्या चाहिए, युवा क्या चाहते हैं और युवाओं के लिए सरकार किस तरह बेहतर विकल्प और माहौल दे सकती है इस पर भी सुझाव लिए जाएंगे। आयोजन के दौरान भारतीय स्वाभिमान और समकालीन युवा, विचारों से प्रभाव तक सामाजिक उद्यमिता को आकार देने में युवाओं की भूमिका, एआई का भविष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया और सोशल मीडिया को कैसे बदल देगा, युवाओं का सफल एवं सार्थक जीवन, बदलते भारत में युवाओं की भूमिका तथा उद्यमिता भारत और युवा राजस्थान में युवा नीति जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी रहेंगी खास

तीन दिन के कार्यक्रमों में पहले दिन 19 जनवरी को सुबह 10:30 बजे उद्घाटन समारोह होगा। इसके बाद सवा घंटे की विशेषज्ञों द्वारा तथ्यात्मक परिचर्चा होगी। वहीं डेढ घंटे के संवाद कार्यक्रम के अलावा एक और परिचर्चा होगी। शाम को नृत्य और गीत-संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इनमें लोक कलाकार प्रदेश की कला-संस्कृति को साकार करेंगे। दूसरे दिन 20 जनवरी को सुबह नौ से 10 बजे तक योगा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद परिचर्चा के अलग-अलग सत्र होंगे। इसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 21 जनवरी को अंतिम दिन परिचर्चा के बाद समापन समारोह होगा। इसके बाद संभागियों को ऐतिहासिक भ्रमण करवाया जाएगा।

### ये विशिष्ट जन भी होंगे शामिल

कनक्लेव के संयोजक बीएल रणवां ने बताया कि आयोजन के विभिन्न सत्रों में आने के लिए अब तक 15 से अधिक विशिष्टजनों की स्वीकृतियां प्राप्त हो गई है, जो युवाओं के साथ बैठकर विभिन्न विषयों के साथ उनकी जरूरतों, इच्छाओं और लक्ष्य को लेकर चर्चा करेंगे। इन वक्ताओं में प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार, हरियाणा सरकार के सूचना आयुक्त प्रदीप शेखावत, हिंदू जागरण मंच के मुरलीमनोहर, भारत सरकार के सी-20 से किरण डीएम, प्रताप गौरव केंद्र निदेशक अनुराग सक्सेना, बीकेबीआईईटी पिलानी के निदेशक डॉ. एमएस प्रसन्नाकुमार, थॉट्सविन सिस्टम कनाडा के इंडिया हैड विनय सिंवर, वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय सिंह सहित अनेक वक्ता अपने विचार प्रकट करेंगे।

## NPAT-2024 के लिए आवेदन प्रारंभ, 25 मई तक टेस्ट के बाद जून में आउट होगी मेरिट लिस्ट

# मैनेजमेंट कॅरिअर बनाना है तो नरसी मोनजी के लिए करें आवेदन

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सीनियर सेकंडरी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके ऐसे स्टूडेंट्स जो कॉमर्स, इकॉनोमिक्स, इंटरनेशनल स्टडीज, ब्रांडिंग, एडवर्टाइजमेंट, लिबरल आर्ट्स और मैनेजमेंट में कॅरिअर बनाना चाहते हैं, वे देश के प्रतिष्ठित संस्थान नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (NMIMS) में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। NMIMS की ओर से 12वीं के बाद के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा NPAT-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन संस्थान की वेबसाईट nmimsnpat.in पर किया जा सकता है।

उम्मीदवार एनएमआईएमएस-एनपीएटी के लिए 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न विषयों के लिए टेस्ट का आयोजन 25 मई तक किया जाएगा व इनकी मेरिट सूची जून के पहले सप्ताह तक जारी की जाएगी।



### ये टॉप रैंकिंग संस्थान भी स्वीकार करेंगे NPAT

- स्कूल ऑफ कॉमर्स (एसओसी): एसओसी बीबीए (ऑनर्स), बीकॉम (ऑनर्स) और बीएससी फाइनेंस (ऑनर्स) में चार साल के पाठ्यक्रम चलाता है।
- स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स: यह शीर्ष 10 उभरते कला महाविद्यालयों में तीसरे स्थान पर है।
- स्कूल ऑफ ब्रांडिंग एंड एडवरटाइजिंग (एसओबीए): इस स्कूल का ब्रांडिंग और विज्ञापन में तीन साल का बीबीए कार्यक्रम छात्रों को ब्रांड प्रबंधन और व्यावसायिक सफलता के लिए तैयार करता है।
- ज्योति दलाल स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स: इस स्कूल का चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) लिबरल आर्ट्स कार्यक्रम सात विशेषज्ञता प्रदान करता है।
- प्रवीण दलाल स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस मैनेजमेंट।
- एनएमआईएमएस सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज: बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में दोहरी डिग्री।

### ऐसे करें आवेदन

- आधिकारिक वेबसाइट nmimsnpat.in पर जाएं।
- एनएमआईएमएस-एनपीएटी ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करें।
- पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।
- पंजीकरण के दौरान जेनरेट क्रेडेंशियल दर्ज करके लॉग इन करें।
- ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र पर सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करें।
- दस्तावेज अपलोड कर आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- आवेदन पत्र जमा करें, एक प्रिंटआउट ले लें।

## Yuva स्टोरीज



### कृष्णा ने जीता आइस स्केटिंग में स्वर्ण और रजत पदक

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स कन्या पीजी कॉलेज की छात्रा कृष्णा कंवर गहलोत ऑल इंडिया आइस स्केटिंग चैपियनशिप जीतने वाली उदयपुर की पहली आइस स्केटर बन गई हैं। कृष्णा ने गुरुग्राम में हुई ऑल इंडिया ओपन चैम्पियनशिप नोविस 2024 में स्पीड स्केटिंग के 500 मीटर में स्वर्ण और फिगर स्केटिंग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन आइस स्केटिंग एसोशिएशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेम सिंह रावलोत ने कृष्णा को बधाई देते हुए कहा कि उदयपुर की पहली आइस स्केटिंग विजेता बनकर कृष्णा ने शहर का नाम रोशन किया है। उनकी यह जीत संस्थान एवं उदयपुर के लिए गौरव का विषय है। कृष्णा की इस अद्वितीय उपलब्धि पर भूपाल नोबल्स संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष, कर्नल प्रो एसएस सारंगदेवोत, सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबन्धक निदेशक मोह्ब्बत सिंह राठौड़, वित्तमंत्री शक्ति सिंह राणावत ने बधाई दी। आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं नेशनल गेम्स के चेयरमैन अमिताभ शर्मा एवं सेकेट्री जगराज सहानी ने कृष्णा को ये पदक प्रदान किए।



### भावी पीढ़ी के विकास की नींव का निर्माण करती है शिक्षा

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राव बहादुर ठाकुर राज सिंह बेदला स्मृति अखिल राजस्थान हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि वर्तमान में जो परिस्थितियों उत्पन्न हो रही हैं उसके लिए सभी को तैयार रहना होगा। वही विजेता होगा जो समय की गति को पहचान सके। वैश्वीकरण के इस दौर में अपनी जड़ों को तो मजबूत करने सके साथ ही नई जानकारी से लैस होने की जरूरत है। इस अवसर पर विवि के संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह झाला, भानु प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी व अन्य संकायों के अधिष्ठाता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए 40 प्रतिभागियों ने भी भाग लिया।




### राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा परिणाम कल होगा जारी

**नई दिल्ली।** एनटीए की ओर से यूजीसी नेट दिसंबर 2023 के नतीजों की घोषणा की 17 जनवरी 2024 को जारी की जाएगी। एनटीए ने यूजीसी नेट दिसंबर 2023 का आयोजन 6-19 दिसंबर 2023 तक किया था और लगभग पौने दस लाख स्टूडेंट्स ने दिसंबर 2023 में आयोजित इस परीक्षा में हिस्सा लिया। ये उम्मीदवार इस परीक्षा के रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in पर देख पाएंगे।इसका आयोजन देशभर के 292 शहरों में करवाया गया था। एनटीए ने उम्मीदवारों की सुविधा के लिए 011-40759000/ 69227700 टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। किसी भी जानकारी के लिए इन पर संपर्क किया जा सकता है। यूजीसी नेट एग्जाम का आयोजन कुल 83 विषयों के लिए किया गया है। रिजल्ट चेक करने के लिए आपको सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in पर जाना होगा। इसके बाद आपको वेबसाइट के होम पेज पर रिजल्ट के लिंक पर क्लिक करना होगा। अब लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करके सबमिट करना होगा। इसके बाद आपका परिणाम स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा। क्वालिफाईंग मार्क्स में एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग और थर्ड जेंडर कटेगरी के उम्मीदवारों को 5 फीसदी की छूट दी जाएगी। पास होने के लिए दोनों ही पेपरों में कम से कम 40 फीसदी अंक प्राप्त होने जरूरी हैं। गौरतलब है कि रिचेकिंग और रिवैल्यूएशन का ऑप्शन नहीं दिया जाएगा। घोषित परिणाम ही अंतिम होंगे।

## वार्षिक खेल-सांस्कृतिक उत्सव का समापन

# युवाओं ने किया स्पोर्ट्स और क्रिएटिव टैलेंट का 'सृजन'

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव-सृजन-24 का समापन रविवार को हुआ। 12-14 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हुए इस प्रोग्राम में विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद एवं पतंगबाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स ने पूरे जोश और उत्साह से भाग लिया। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी।






### खेल और संस्कृति का हुआ संगम

इस वार्षिक महोत्सव में 34 सांस्कृतिक एवं 20 से अधिक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई, इनमें 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। तीन दिवसीय खेल और सांस्कृतिक उत्सव- सृजन -24 में विद्यार्थियों ने खेल, सांस्कृतिक और लिटरेरी ईवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत डिबेट, निबंध प्रतियोगिता, एक्सटेंपोर, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, योगासन, लोक कला, क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, बॉलीवुड व वेस्टर्न सोलो और ग्रुप डांस, लाइट वोकल, क्लासिकल और वेस्टर्न वोकल, इंस्ट्रुमेंटल, बॉलीवुड के एकल व समूह गान, रंगोली, मेहंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर एवं पेंटिंग, एकांकी नाटक, स्किट, मिमिक्री, मोनोलॉग आदि प्रतियोगिताएं हुईं। खेलों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, फुटबॉल आदि प्रतियोगिताएं हुईं।

## स्टूडेंट्स ने जोश और उत्साह के साथ किया पार्टिसिपेट

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा 'सृजन' के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करना, विद्यार्थियों के बीच पाठ्येतर गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और उनके कौशल को निखारना है । खेल और कल्चर गतिविधियों में हिस्सा लेना युवाओं में नए तरीके से सोचने का गुण विकसित करता है। विवि के विद्यार्थियों के जिस जोश के यहां दर्शन हुए हैं वो अविस्मरणीय बन गया है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के चित्रों और प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवम बाल विकास मंत्रालय की प्रो मंजू बाघमार भी शामिल हुई। उन्होंने सजृन के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयों में ऐसे खेलकूद और सांस्कृतक आयोजन होते रहने चाहिए, ये युवाओं में चेतना एवं राष्ट्र भक्ति का संचार करते हैं । सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ हेमलता मंगलानी खेलकूद समिति डॉ संजय गर्ग ने कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी निभाई।



## जन्मदिन राम के घर मनाने की बालहठ



# रामलला के दर्शनों के लिए स्केट्स पर अयोध्या के लिए निकले दो नौनिहाल

**बेधड़क** | जालौर

जिले के रूचियार गांव से दो छोटे बच्चे अपने जन्मदिन का उत्सव 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में ही मनाने की जिद लेकर घर से रवाना हो गए।

ये दोनों चचेरे भाई-बहन रूचियार गांव के कैलाश पटेल 12 वर्ष और सिमरन 7 वर्ष के हैं। कैलाश सातवीं कक्षा में तो सिमरन थर्ड क्लास में पढ़ती है। दोनों ने गांव के नीलकंठ महादेव मंदिर से अपनी यात्रा शुरू की, वे स्केटिंग करते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। दोनों की जिद के आगे घरवालों ने हार मान ली, अब पूरा परिवार उनके साथ अयोध्या चल पड़ा है।

### पिता रख रहे बच्चों का ध्यान

गौरतलब है कि इस समय पूरे देश में राममय माहौल है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर समूचे देश से लोग अयोध्या जाने के लिए निकल पड़े हैं। ये दोनों भाई-बहन 1200 किलोमीटर स्केट्स पर चलकर अयोध्या पहुंचेंगे। मंजिल तक पहुंचने के लिए दोनों को 12-13 दिन लगेंगे। दोनों बच्चे अयोध्या में ही जन्मदिन मनाने की जिद कर बैठे थे। अब उनके पिता बालाराम चौधरी साथ-साथ अपनी गाड़ी लेकर के चल रहे हैं। जो इनके लिए सड़क पर सुरक्षा संबंधित व्यवस्था को देखते हुए आराम एवं खाने-पीने सहित इनका पूरा ध्यान रखते हैं। सिमरन व कैलाश ने स्केटिंग करते हुए ही राम मंदिर अयोध्या जाने की इच्छा जताई थी। इस पर उनके पिता वालाराम व भीखाराम ने बच्चों को स्केटिंग से जुड़ी आवश्यक सामग्री दिलाई और दो कार लेकर अयोध्या के लिए निकल पड़े। सिमरन व कैलाश आगे चलते हैं। बाकि सदस्य कार में इनके आगे-पीछे।

### परिवार में राममय है माहौल

कैलाश और सिमरन के बालमन घर के धार्मिक माहौल का पूरा प्रभाव पड़ा है। घर में इनकी दादी मां राम नाम का जाप करती रहती हैं। बच्चे भी राम के बड़े भक्त हैं। दोनों ने ऑनलाइन स्केट्स मंगवाकर स्केटिंग सीखी और दो महीने प्रेक्टिस के बाद राम नाम जपते हुए रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या की राह पर निकल पड़े हैं। इन मासूम बच्चों का राह में विभिन्न जगहों पर स्वागत किया जा रहा है।

**पहल** | मेडिकल एग्जाम क्रैक करने के लिए जरूरी टिप्स

# अब महंगी कोचिंग के बिना करो नीट की तैयारी

**बेधड़क** | जयपुर

नीट यूजी एग्जाम यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट। 12वीं के बाद डॉक्टर बनने की तमन्ना रखने वाले विद्यार्थी ये एग्जाम पास करके मेडिकल कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। 720 अंकों की इस परीक्षा का स्तर काफी कठिन होता है। नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनने की तमन्ना रखने वाले कई स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं जो महंगे बड़े कोचिंग में पैसा देकर पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। ऐसे स्टूडेंट्स जो फीस ज्यादा होने की वजह से एडमिशन नहीं ले सकते वे निराश न हों। कुछ चीजों का ध्यान रखकर, स्टडी रूटीन तय कर घर पर रहकर भी नीट परीक्षा की तैयारी की जा सकती है।



### सिलेबस को जान लें

नीट यूजी की तैयारी शुरू करने से सबसे पहले इसके सिलेबस के बारे में अच्छी तरह से जानकारी कर लें। खुद के कमजोर और मजबूत पहलुओं को समझें और इन्हें नोट कर लें। सिलेबस को समझने का एक बड़ा फायदा यह होता है कि आप अपने स्तर पर हर विषय की तैयारी के लिए समय निर्धारित कर सकते हैं।

### घर पर कैसे करें नीट की तैयारी

ऐसे स्टूडेंट्स निराश होने की बजाय धैर्य रखते हुए कठिन मेहनत के दम पर घर में रहकर, बिना कोचिंग के भी नीट परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। वे डेमो क्लास अटेंड करके एक्सपर्ट की सलाह हासिल करें। सबसे पहले एंट्रेंस टेस्ट की तरह नीट परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले उससे जुड़ी हर जानकारी जुटाएं। नीट यूजी 2024 परीक्षा डेट, एग्जाम पैटर्न और मार्किंग स्कीम, सिलेबस जैसी जरूरी चीजों की हर डिटेल पता होनी चाहिए। इससे सटीक अंदाजा लगा पाएंगे कि आपके पास कितना समय है, कितनी तैयारी करनी है और इसके लिए क्या एक्शन प्लान बनाना होगा।

### शुरू करें तैयारी टाइम टेबल के साथ

हर विषय में अपने मजबूत और कमजोर पहलुओं को जानने के बाद बाद अगला कदम नीट की तैयारी के लिए एक टाइम टेबल बनाना चाहिए। हर विषय को बराबर समय दें।पिछले दस सालों के नीट के पेपर्स को सॉल्व करने से आपकी शानदार तैयारी हो जाएगी। इससे आप टाइम सेविंग सीख जाएंगे। मॉक टेस्ट के लिए शेड्यूल तय करें।

### स्टडी मटेरियल जुटा लें

तैयारी करने के लिए पढ़ाई से संबंधित हर चीज आपकी डेस्क पर या स्टडी रूम में होनी चाहिए। इससे आपकी पढ़ाई आसान हो जाएगी। सभी जरूरी किताबें और नोट्स जुटा लें। मॉक टेस्ट और पिछले सालों के प्रश्न पत्र भी इकट्ठा कर लें। आजकल व्हॉट्सऐप ग्रुप और टेलीग्राम चैनल के जरिए फ्री ऑनलाइन नोट्स भी मिल जाते हैं।

### यूट्यूब भी बनेगा मददगार

नीट यूजी की तैयारी कतई आसान नहीं होती है। ऐसे में अपना मोरल मजबूत बनाए रखना जरूरी है। कई विषयों में समझने में दिक्कत होने पर आप यूट्यूब पर जाकर समस्या को समझ सकते हैं। किसी एक्सपर्ट या सीनियर की मदद लें।

# निजता, महंगाई एवं सुविधाओं के भंवर में समुद्री पर्यटन



शिवेष प्रताप
स्वतंत्र टिप्पणीकार व पर्यावरणविद्

मालदीव एवं लक्षद्वीप का मुद्दा बीते दिनों विश्व चर्चा के केंद्र में आ गया। भारत में भारत के तमाम ख्यातिलब्ध लोग देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के समर्थन में उतर आए हैं जो उचित है। इसी के साथ लोगों में यह विमर्श भी चल पड़ा है की आखिर क्यों भारत को छोड़कर लोग मालदीव या अन्य विदेशी स्थानों पर छुट्टियां मनाने जाते हैं। समाज और सरकार को यह समझने की आवश्यकता है और इसके अनुरूप सुधार की जरूरत है। हम देशभक्ति के कारण कुछ समय के लिए मालदीव को छोड़कर लक्षद्वीप तो आ सकते हैं परंतु समय के साथ पुनः मालदीव हमारे पर्यटकों को आकर्षित कर लेगा। मालदीव सरकार के 2023 के पर्यटन डाटा के अनुसार पूरी दुनिया से मालदीव जाने वाले लोगों में सबसे अधिक भारतीय हैं जिनकी संख्या 2 लाख से ऊपर है। भारत के 44% लोग हनीमून के लिए उनके देश में जाते हैं। भारत से मालदीव जाने वाले 73 प्रतिशत लोग रोमांटिक छुट्टियों के लिए जाते हैं जबकि मात्र 23 प्रतिशत लोग परिवार के साथ जाते हैं। भारत में रोमांटिक समुद्री छुट्टियों के लिए मुफीद स्थान न होने की वजह से नए जोड़े अथवा पति-पत्नी मालदीव जाते है। मालदीव सरकार की डाटा के अनुसार मालदीव जाने वाला हर व्यक्ति वहां औसतन 80 हजार से 4 लाख रुपए खर्च करता है।

प्रश्न यह भी है की भारत में पर्यटक इतना क्यों नहीं खर्च कर पाता? जबकि यही भारत के लोग मालदीव, थाईलैंड या वियतनाम जैसे देशों में भी घूमने क्यों जाते हैं। हमारे पास गोवा, अंडमान और लक्षद्वीप जैसे अद्वितीय पर्यटन स्थल है परंतु विश्व के पर्यटक तो दूर हम अपने देसी पर्यटकों को भी वहां आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं, आइए इन बिंदुओं की पड़ताल करते हैं। भारत में पर्यटन को तीन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, पहला इंफ्रास्ट्रक्चर दूसरा महंगाई और तीसरा सामाजिक व्यवहार।

> *सरकार को ऐसी जटिल स्थितियों में हस्तक्षेप करते हुए ऐसे पर्यटन क्षेत्र तक उचित किराए पर आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार को अपने तमाम द्वीपों को अलग-अलग थीम पर विकसित करना चाहिए। सरकार, लक्षद्वीप के कई द्वीपों को थीम आधारित सुविधाओं जैसे हनीमून डेस्टिनेशन, फैमिली डेस्टिनेशन, किड्स थीम आधारित पर्यटन पर विकसित कर सकती है।*

**इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास:** भारत के तटीय क्षेत्रों तथा द्वीपों में भारत सरकार के द्वारा उचित इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास नहीं किया गया है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि अंडमान निकोबार एवं लक्षद्वीप में तेज इंटरनेट की उपलब्धता मोदी सरकार के शासनकाल में सुनिश्चित हो रही है। भारत सरकार के पर्यावरण संबंधी अत्यंत कठोर मानकों के चलते भी भारत में जलीय पर्यटन की संभावनाएं लगभग नग्न हो जाती है या अवैध रूप से संचालित होती हैं।

समुद्री पर्यटन के विकास के लिए मोदी सरकार की सागरमाला परियोजना के द्वारा पहली बार गति मिलना सुनिश्चित होगा। उच्च गुणवत्ता के सड़कों का अभाव भारत के तटीय इलाकों में लोगों की पहुंच को कठिन बना देते हैं। अंडमान निकोबार तथा लक्षद्वीप तक जाने वाले वायुसेवाओं की कीमत आसमान छूती है और उससे कम दाम में आप विदेश में जा सकते हैं। सरकार को ऐसी जटिल स्थितियों में हस्तक्षेप करते हुए ऐसे पर्यटन क्षेत्र तक उचित किराए पर आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार को अपने तमाम द्वीपों को अलग-अलग थीम पर विकसित करना चाहिए। सरकार, लक्षद्वीप के कई द्वीपों को थीम आधारित सुविधाओं जैसे हनीमून डेस्टिनेशन, फैमिली डेस्टिनेशन, किड्स थीम आधारित पर्यटन पर विकसित कर सकती है, जिससे नव दम्पति, प्रौढ़ एवं बच्चों से सम्बंधित पर्यटन को अलग अलग बढ़ावा मिले। द्वीपों का आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा लॉजिस्टिक्स मजबूत करना चाहिए। ऐसा करने से द्वीपों पर संसाधनों की कीमत में कमी आएगी साथ ही लोगों के आवागमन में भी सुलभता होगी। भारत के समुद्री बीच कचरे और गन्दगी से भरे होते हैं। भारत सरकार को मालदीव के कचरा प्रबंधन मानकों से प्रेरणा लेते हुए अपशिष्ट प्रबंधन के उच्च मानक गोवा, अंडमान एवं लक्षद्वीप में सनिश्चित करना चाहिए।

**अनावश्यक महंगाई की मार:** भारत में नीति निर्माता समुद्री पर्यटन को विलासिता के उच्चतम मानदंडों पर रखकर देखते हैं। ऐसे पर्यटन आधारित क्षेत्रों में सरकार द्वारा होटल या मनोरंजन व्यवसाय को किसी रियायत पर जमीन उपलब्ध नहीं कराई जाती है जैसे शिक्षा संस्थानों या अस्पतालों आदि के लिए रियायत उपलब्ध होती है इसके फलस्वरुप द्वीपों तथा तटीय क्षेत्र में होटल बहुत महंगे दामों पर उपलब्ध हो पाते हैं। महंगाई का दूसरा कारण यह भी है कि ऐसे तटीय पर्यटन क्षेत्र तथा द्वीप समूहों पर सरकार द्वारा होटल एवं सामाजिक गतिविधियों वाले जरूरी एवं व्यापारिक नियम कानून के अभाव में अधिकतर संचालकों द्वारा होटल या अन्य मनोरंजक गतिविधियों को अवैध रूप से संचालित करना पड़ता है और भ्रष्टाचार के कारण ऐसी सुविधाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती है। यदि सरकार लक्षित रूप से तटीय क्षेत्र एवं अपने द्वीपों पर जमीनों को होटल एवं अन्य सामाजिक/ व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रियायती दामों पर उपलब्ध कराए तो इससे निवेशकों को सुरक्षा भी मिलेगी साथ ही लोगों को उचित दामों पर अच्छे होटल या सुविधाएं मिल पाएंगी।

मैंने स्वयं कई देशों की यात्रा अनुभव में पाया कि भारत की अपेक्षा अन्य पर्यटन आधारित देश में कमरों की गुणवत्ता एवं होटल में सुविधा बहुत अच्छे होते हैं। सरकार में बैठे नीति नियंताओं को पर्यटन को एक औद्योगिक गतिविधि के रूप में देखना चाहिए ना की विलासिता की दृष्टिकोण से। जिस प्रकार से आज के समय में विशेष आर्थिक क्षेत्र के द्वारा तमाम औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है उसी प्रकार से पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### प्रदेश में साइबर अपराधियों का केंद्र बना है मेवात

# साइबर ठगी का नया हथियार सेक्सटॉर्शन



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> *कुछ महीने पहले पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था, जिसमें एक व्यक्ति का आरोप था कि उसे एक अज्ञात व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। वहां एक न्यूड लड़की थी। कॉल के दौरान उसके चेहरे को कैप्चर करते हुए एक स्क्रीन शॉट लिया गया था। कुछ ही समय बाद उसे दो अलग-अलग नंबरों से फोन आए। कॉल करने वालों ने खुद को साइबर क्राइम दिल्ली से होने का दावा किया और कहा कि कथित स्क्रीन शॉट प्रसारित होने वाला है।*



सोशल हैंडल पर आपके पास सबसे पहले एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आएगी। फिर आपका व्हाट्सएप नंबर मांगा जाएगा। इसके बाद आपके पास एक वीडियो कॉल आएगी, जिसमें एक लड़की न्यूड होती दिखाई देगी। इधर से आपका चेहरा इस वीडियो में कैप्चर हो जाएगा। इसके बाद आपको फोन और मैसेज आने लग जाएंगे, जिसमें कहा जाएगा कि अगर आपने पैसे नहीं दिए तो आपका वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। आप डर कर पैसे दे देंगे या फिर बहादुरी दिखाते हुए विरोध करेंगे और पैसे देने से साफ इनकार कर देंगे। असल में यह ठगी का नया तरीका है, जिसे सेक्सटॉर्शन कहते हैं। इस काम को अंजाम देने वाला गिरोह सबसे ज्यादा हरियाणा के मेवात से जुड़ा हुआ है। मेवात इन दिनों जामताड़ा के नक्शे-कदम पर चल रहा है। साइबर अपराधियों का नया केंद्र बनकर उभरे मेवात के गिरोह के कारनामे हरियाणा के अलावा राजस्थान और उत्तर प्रदेश तक फैल गए हैं।

साल 2023 में मेवात के क्षेत्रों से इस तरह के मामले आने शुरू हुए यानी कि सेक्सटॉर्शन के केस पुलिस तक पहुंचने शुरू हुए। कस्बों और गांवों में साइबर फ्रॉड और ठगी के केंद्र बनने के बाद मेवात के साइबर ठगों ने सेक्सटॉर्शन को ठगी का नया हथियार बनाया है। इन ठगों का यह नया तरीका साइबर पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए चुनौती बनकर उभर रहा है। इस तरह की ठगी पर जारी कुछ रिपोर्ट कहती हैं कि 300 से लेकर 400 व्यक्ति प्रतिदिन इन मेवाती ठगों के शिकार होते हैं। इनका कई लोगों का गिरोह होता है, जो अलग-अलग तरह से खुद को बताता है। कोई सेना का जवान बनेगा, कोई साइबर पुलिस का अधिकारी बनेगा, कोई व्यापारी बनेगा, कोई यूट्यूब का कर्मचारी बनेगा तो कोई खुद को कोर्ट से जुड़ा हुआ बताएगा। सबके नंबर अलग होंगे और आपको अलग-अलग नंबरों से ही कॉल आएगी।

फिर शुरू होगा ठगी का खेल। सबसे पहले कोई साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर आपको फोन करेगा और कहेगा कि यूट्यूब पर आपका अश्लील वीडियो चल रहा है, जिसे आप हटवाइए। फिर वह आपको एक नंबर देगा, जिसे यूट्यूब के कर्मचारी का होना बताया जाएगा। यूट्यूब का कर्मचारी पहले आपका वीडियो यूट्यूब पर चलना बताएगा। उसे हटाने के पैसे लेने के बाद कहेगा कि आपका वीडियो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी चल रहा है, वहां से भी हटवाइए। फिर उन दोनों जगहों से हटाने के पैसे ले लिए जाएंगे। इसके बाद वीडियो हटाने की कहकर सिक्योरिटी के नाम पर पैसे लिए जाएंगे। यूट्यूब का कर्मचारी एक हजार रुपए काटकर 12 घंटे में सारे पैसे खाते में लौटाने का बात कहेगा और आपका अकाउंट नंबर ले लेगा। फिर साइबर क्राइम का अधिकारी मामला सेटल होने की बात कहकर मिठाई के नाम पर पैसे लेगा। इस तरह आपको एक लाख रुपए या फिर इससे ज्यादा तक की चपत लग जाएगी।

रिपोर्ट बताती हैं कि मेवात के ठगों का यह गिरोह लोगों के फंसने के बाद लाखों रुपए तक की कमाई करता है। सारा पैसा गिरोह के सदस्यों में बराबर बंट जाता है। प्रत्येक धोखेबाज हजारों रुपए तक की ठगी कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार, मेवात के कुछ जिले सालाना आठ हजार से अधिक साइबर अपराधों की रिपोर्ट करते हैं। इसके चलते लोगों को करोड़ों रुपए की चपत लग रही है। कुछ महीने पहले पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था, जिसमें एक व्यक्ति का आरोप था कि उसे एक अज्ञात व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। वहां एक न्यूड लड़की थी। कॉल के दौरान उसके चेहरे को कैप्चर करते हुए एक स्क्रीन शॉट लिया गया था। कुछ ही समय बाद उसे दो अलग-अलग नंबरों से फोन आए। कॉल करने वालों ने खुद को साइबर क्राइम दिल्ली से होने का दावा किया और कहा कि कथित स्क्रीन शॉट प्रसारित होने वाला है। वे पीड़ित को धमकाने लगे और बड़ी रकम की मांग करने लगे। उसे गिरफ्तारी होने का डर भी दिखाया गया। धमकियों से डरकर शिकायतकर्ता ने जालसाज द्वारा दिए गए बैंक खाते में लगभग 12 लाख रुपए से अधिक ट्रांसफर कर दिए।

बीते साल नवंबर में एक 22 वर्षीय युवक को खुद को पुलिस अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करने, वॉट्सएप कॉल के माध्यम से युवा महिलाओं के नग्न वीडियो प्रदर्शित कर लोगों को धोखा देने और बाद में उनके मोबाइल स्क्रीन के शॉट कैप्चर कर पीड़ितों से जबरन वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की पहचान राजस्थान के डीग जिले के रिजवान के रूप में हुई। वह खुद को क्राइम ब्रांच का एसीपी विक्रम राठौड़ बताता था। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस ने एक 55 वर्षीय साइबर जालसाज को गिरफ्तार किया था, जिसने कथित तौर पर खुद को सेना का जवान बताया था और एक स्कूल के लिए तार खरीदने के बहाने एक तार निर्माता को धोखा दिया था। आरोपी की पहचान हरियाणा के नूंह जिले के अली मोहम्मद के रूप में हुई।

यह गिरफ्तारी शाहदरा क्षेत्र के एक निवासी की शिकायत पर हुई। उसने बताया कि उसे एक सैन्य अधिकारी का फोन आया था, जिसे सेना के स्कूलों के लिए तारों की जरूरत थी। अब बात करते हैं पुलिस कार्रवाई की। पूरे देश में मेवात इलाकों से संचालित साइबर अपराधों के मामले लगातार दर्ज हो रहे हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि साइबर अपराधों की वारदातों के रोकथाम के लिए देश भर में साइबर ठगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। मेवात क्षेत्र के ठगों के पास जो मोबाइल फोन और नंबर मिले हैं, वे अधिकतर दूसरे राज्यों विशेषकर असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के फर्जी दस्तावेजों से खरीदे गए हैं। हाल ही में राजस्थान के भरतपुर जिले में कई आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों के संबंध में रिसर्च के लिए लगभग सभी राज्यों की पुलिस टीमें मिलकर काम कर रही हैं। साइबर ठगी के कुछ मामलों में सफलता भी मिली है। जयपुर में भी ऐसे कई मामलों को सुलझाने में साइबर पुलिस को सफलता मिली है। कई आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य राज्यों की पुलिस को सौंपा गया है। हालांकि पुलिस यह भी कहती है कि मेवात इलाके में कई बार पुलिस की कार्रवाई के दौरान साइबर अपराधी पथराव और मारपीट करने से भी नहीं चूकते। पुलिस की लोगों से अपील है कि सेक्सटॉर्शन से डरिए मत, यह ठगी से ज्यादा कुछ नहीं है। किसी को पैसे मत दीजिए, आपका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है।

अब एक नजर आंकड़ों पर भी डालते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी कि एनसीआरबी के साल 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि देश भर में साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे चिंताजनक हालात पैदा हो रहे हैं। साल 2021 के मुकाबले साइबर अपराधों में तकरीबन 24.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी के चलते देश में साइबर अपराध तेजी से पैठ बना रहे हैं। इनसे जुड़ी गतिविधियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इनसे निपटने के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों और जागरुकता की जरूरत है। हालांकि ऐसे मामलों का खुलासा करने और अपराधियों को पकड़ने के लिए बनाई गई साइबर पुलिस की सक्रियता उतनी दिखाई नहीं देती, जितनी कि होनी चाहिए। इसका एक कारण संसाधनों की कमी भी हो सकता है। असल में साइबर अपराधों का केंद्र बन रहे मेवात और उसके ठगों की कमर तोड़ना बहुत जरूरी है। इसके लिए ठोस प्रयासों की दरकार है। पुलिस को अपना इकबाल बुलंद करने के लिए इन ठगों को सलाखों के पीछे डालना ही होगा। वहीं आम आदमी को भी जागरूक होने की दरकार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
**ब्रजेश कानूनगो**

### पतंगबाजी

*इंद्रधनुष आकाश में*
*जैसे फूलों की घाटी में रंगों का मेला*
*जैसे भांगड़ा करमा घूमर और कथक का भरत नाट्यम*
*जैसे मणीपुरी कथकली ओडिसी एक साथ खेलते गरबा*
*जैसे इच्छाएँ हमारे भीतर की।*

*उड़ती पतंगे*
*जैसे सुन रहीं भीमसेन जोशी का आलाप*
*राग की तरह बह रही है आकाश में हवा*

*पता ही नहीं उन्हें कि*
*प्रतिद्वंदी हो गए हैं सारे खिलाड़ी*
*अदृश्य डोरों की तनी हुई पीठों पर सवार*
*पतंगों तक पहुँच रहा आघात-प्रतिघात*

*फड़फड़ करती आएंगी कुछ चील-पतंगें*
*तलवार लिए*
*समझ नहीं पाएंगी अपनों का अकस्मात हमला*
*लय में नाचती मुग्ध पतंगें*


*कटेंगी, बिखरेंगी और अटक जायेंगी*
*छत के कंगूरे पर*
*पेड़ की टहनी में*
*बिजली के तारों में उलझ जायेंगे उनके अंग*
*कर्फ्यू लग जाएगा आकाश में शाम ढले।*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। हमने ब्रिक्स की रूस की अध्यक्षता सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी उपयोगी विचारों का आदान-प्रदान किया।



**राजनाथ सिंह,** केंद्रीय रक्षा मंत्री
@DefenceMinIndia
भारतीय सैनिक जब अपनी आखिरी सांस तक दुश्मन से लड़ता है, तो वह इसलिए नहीं लड़ता क्योंकि वह दुश्मन से नफरत करता है, बल्कि वह इसलिए लड़ता है क्योंकि वह अपने देश से प्यार करता है। यही देशभक्ति उसके अंदर साहस की ऐसी भावना भरती है, जिससे प्रेरणा पाकर वह अपने प्राणों तक को दाँव लगाने में भी पीछे नहीं हटता।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
आज मणिपुर पूरे देश की तरफ उम्मीद की नज़रों से देख रहा है। हमें उनकी आंखों में भरे दर्द को मिटा कर 'उम्मीद का दीया' जलाना होगा। हमारी यात्रा भाजपा की विभाजन और उपेक्षा की राजनीति से ज़ख्मी भारत की आत्मा पर एकता और मोहब्बत का मरहम है। चलेंगे साथ, लड़ेंगे साथ, न्याय का हक़, मिलने तक।

### नॉलेज कॉर्नर: समुद्री जीवों, जहाजों, छोटे द्वीपों के लिए खतरे की घंटी

# खिसक रहा दिल्ली से 3 गुना बड़ा आइसबर्ग!

दुनिया के सामने एक और संकट आ खड़ा हुआ है। यह प्रकृति के साथ हो रही छेड़छाड़ के परिणाम यानी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। दिल्ली से तीन गुना, न्यूयार्क शहर से लगभग साढ़े तीन गुना और ग्रेटर लंदन से ढाई गुना लगभग चार हजार वर्ग किलोमीटर का आइसबर्ग यानी हिमखंड अंटार्कटिका से निकलकर समुद्र की ओर बढ़ चला है। 37 साल में पहली बार ऐसा हुआ है। इसके मूवमेंट से पर्यावरण विज्ञानी चिंतित हैं। पर्यावरण विज्ञानी इस बदलाव को समुद्री जीवों, जहाजों, छोटे द्वीपों आदि के लिए बड़े खतरे के रूप में देख रहे हैं। यह हिमखंड अंटार्कटिका से अलग हुआ है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं ऐसे आइसबर्ग के बारे में...

#### तेज हुई रफ्तार

यह बर्फ के द्वीप के रूप में वैज्ञानिकों के सामने है। जैसे-जैसे यह पिघल रहा है, इसका साइज भी कम हो रहा है और समुद्र में इसकी गति भी बढ़ रही है। यूरोपीय वैज्ञानिकों ने पहली बार इसे देखा और महसूस किया है। सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए वैज्ञानिकों ने दुनिया को चेतावनी भी दी है। विज्ञान इसे एक खतरे के रूप में देख रहा है। इस समय यह अंटार्कटिक प्रायद्वीप के उत्तरी सिरे से गुजर रहा है और दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। A23a नामक यह हिमखंड पिछले एक साल से खिसक रहा है, पर अब इसकी रफ्तार तेज हुई है और यही चिंता का विषय है। साइज कम होने की वजह से अब समुद्री हवाएं इसे धक्का दे पा रही हैं। यह समुद्र तल से ऊपर उठ गया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि यह जैसे-जैसे छोटा होगा, टूटकर अलग-अलग हो सकता है। जॉर्जिया द्वीप आसपास पहुंचने तक यह समुद्र में समा सकता है। अगर ऐसा न हुआ तो यह इस द्वीप को समाप्त भी कर सकता है। वहां जंगली जीवों आदि को खतरा पैदा हो सकता है।



#### 2020 में पहली हलचल

जब साल 1986 में रूस अलग हुआ तब सोवियत संघ का रिसर्च सेंटर इसी हिस्से पर था। बढ़ती हलचल के बीच रूस ने अपने रिसर्च सेंटर को बचाने और उपकरणों आदि की सुरक्षा के लिए एक टीम भी रवाना किया है। वैज्ञानिक कहते हैं कि साल 1986 में अलग होने के बावजूद यह स्थिर था लेकिन साल 2020 में पहली दफा इसमें हलचल देखी गई और अब यह बढ़ गई है। वैज्ञानिक कहते हैं कि साल 1880 से अब तक समुद्री जलस्तर में नौ इंच की बढ़ोत्तरी हुई है। इनमें एक चौथाई का योगदान हिमखंडों के टूटने और उनके पिघलने से हुई है।

**वैज्ञानिकों का ये मानना**

*भारतीय मौसम वैज्ञानिक कहते हैं कि अंटार्कटिका में पहले से भी आइसबर्ग पहले से टूटते रहे हैं। यह एक नेचुरल प्रॉसेस है। दुनिया के कई देश वहां शोध कर रहे हैं। लोगों का आना-जाना बढ़ रहा है। ढेरों अमीर लोग वहां से अल्ट्रा प्योर वाटर की चाहत में आइसबर्ग आते हैं। निश्चित ही यह चिंता का कारण हो सकता है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

वोल्वो से शुरू हुई दूसरे दिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा, पैदल भी चले कांग्रेस नेता-नगालैंड में किया प्रवेश

## राहुल गांधी ने लोगों से की मुलाकात, उनकी समस्याओं के बारे में पूछा

एजेंसी । इंफाल/कोहिमा

लोक सभा चुनाव से पहले राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत राजधानी इंफाल के सेकमाई इलाके से हुई। यात्रा ईस्ट इंफाल से वेस्ट इंफाल की ओर चली।

जहां से शाम तक नागालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंच गई। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने रास्ते में उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े लोगों से बातचीत की। कांग्रेस नेता ने जरूरत के मुताबिक परिवर्तित की गई वोल्वो बस में यात्रा शुरू की है। बस में सवार होने से पहले राहुल गांधी कुछ दूर पैदल भी चले।

राहुल गांधी ने यात्रा के रास्ते में मणिपुर के अलग-अलग तबकों व सिविल सोसाइटी के लोगों से बात की। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बारे में जानकारी भी दी है।



### कुकी व मैतई समुदाय के लोगों के साथ चर्चा

वहीं यात्रा के दौरान सोमवार को राहुल गांधी कांगला टोंग्बी स्थित दूसरे विश्व युद्ध से जुड़े एक युद्ध स्मारक पर गए। यह स्मारक 1944 में जापानी सेना और ब्रिटिश सेना के बीच हुए युद्ध से जुड़ा है, जहां जापानी सेना इंफाल पर कब्जा करना चाहती थी, उसे रोकने के लिए स्थानीय लोगों ने बहादुरी से लड़ाई की। जिसमें कई लोग शहीद हुए। अपनी यात्रा के रास्ते में उन्होंने मणिपुर में हुई हिंसा में प्रभावित मैतई व कुकी समुदाय के लोगों से बात की, उन्होंने उनसे उनकी पीड़ा, उनकी दिनचर्या, उनकी चुनौतियों के बारे में चर्चा की। इन लोगों ने राहुल को एक ज्ञापन भी दिया, जिसने एक संवेदनशील, पारदर्शक व जवाबदेह सरकार की मांग की गई थी।जब राहुल पहाड़ी इलाके की ओर बढ़े तो उन्होंने कोंगपोंकपी व सेनापति इलाके में कुकी व नागा जनजाति के लोगों से भी मुलाक़ात की। इन इलाकों में कुकी समुदाय की खासी आबादी है। वहीं, रास्ते में राहुल को कई ट्रक ड्राइवर भी मिले, जिनमें अधिकांश लोग उत्तर प्रदेश और बिहार से थे। राहुल गांधी ने उनसे मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

### PM से मणिपुर दौरे की अपील

यात्रा के दूसरे दिन कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश व कन्हैया कुमार ने मीडिया को संबोधित किया। कन्हैया ने मणिपुर के माहौल को बेहद खतरनाक करार देते हुए पीएम मोदी व भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उनका कहना था कि इन आठ महीना में पीएम मोदी एक बार भी यहां नहीं आए। इसलिए हमने तय किया कि हम इस यात्रा की शुरुआत वहां से करेंगे, जहां की बात भले ही प्रधानमंत्री ना सुन रहे हों, लेकिन वहां की बात कम से कम देश के लोग तो सुनें। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और अमित शाह से कहा कि अभी भी समय है कि वह मणिपुर आएं और यहां के लोगों का की बात सुनें।

### बीआरएस नेता के. कविता को ईडी ने भेजा समन



**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। उन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले मामले में तलब किया गया है। इससे पहले पिछले साल भी प्रवर्तन निदेशालय ने कविता को तलब किया था। कविता से दिसंबर 2022 में इसी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पूछताछ की थी। इससे पहले 13 जनवरी को ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच में चौथी बार समन जारी किया था। केजरीवाल को 18 जनवरी को पेश होने को कहा गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज आंध्र प्रदेश के दौरे पर

**अमरावती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले के पलासमुद्रम का दौरा करेंगे और राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। आंध्र प्रदेश सरकार ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री इस मौके पर वह कुछ प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगे और 'फ्लोरा ऑफ पलासमुद्रम' नामक एक पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। प्रधानमंत्री एनएसीआईएन को एक मान्यता प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे और इस दौरान वह सभी को संबोधित भी करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले पीएम मोदी के लेपाक्षी मंदिर जाने की भी संभावना है। पीएम मोदी के कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के भी शामिल होने की उम्मीद है।

लोकसभा चुनाव: मायावती की अपने जन्मदिन पर अहम घोषणा

## न भाजपा ना इंडिया के साथ बसपा अकेले लड़ेगी चुनाव

■ दावा: गठबंधन कर चुनाव लड़ने से BSP को नुकसान

एजेंसी । लखनऊ

बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को अपने जन्मदिन पर घोषणा की कि उनकी पार्टी अगला लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। क्योंकि किसी पार्टी के साथ गठबंधन करने से उनको नुकसान होगा। इसलिए उन्होंने अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और केंद्र और उत्तर प्रदेश की सत्ताधारी भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और अन्य दल पूरी तरह जातिवादी और पूंजीवादी तरीके से काम करने वाली पार्टियां हैं।

मायावती की इस घोषणा से बसपा को इंडिया गठबंधन में शामिल करने के कुछ दलों के प्रयासों को झटका लगा है। मायावती ने बसपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं चुनाव को लेकर यह बात फिर से स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि हमारी पार्टी आम चुनाव गरीबों, उपेक्षित वर्गों में से विशेषकर दलितों, आदिवासियों, अति पिछड़े वर्ग, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के बलबूते पर ही पूरी तैयारी व दमखम के साथ अकेले ही लड़ेगी। हमारी पार्टी गठबंधन न करके अकेले इसलिए चुनाव लड़ती है, क्योंकि पार्टी का नेतृत्व एक दलित के हाथ में है। बसपा प्रमुख ने कहा कि गठबंधन करने पर बसपा के वोट विपक्षी दल को मिल जाते हैं, लेकिन दूसरों का वोट हमें नहीं मिल पाता।



### ईवीएम में हो रही है धांधली

मायावती ने कहा, ईवीएम में काफी धांधली हो रही है, इसलिए बसपा को नुकसान हो रहा है। ईवीएम में धांधली को लेकर आवाज उठने लगी हैं और हमें उम्मीद है कि जल्द ही ईवीएम पर रोक लगेगी। गठबंधन को लेकर हमारा अनुभव यही रहा है कि गठबंधन से हमें नुकसान ज्यादा होता है। इसी वजह से देश में अधिकतर दल बसपा के साथ गठबंधन करना चाहते हैं। चुनाव बाद गठबंधन करने पर विचार किया जा सकता है।

### रंग बदलते हैं अखिलेश

मायावती ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा, विपक्ष के इंडिया गठबंधन को लेकर सपा मुखिया ने सोची समझी रणनीति के तहत रंग बदला है। पिछले महीने आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित करने के बावजूद, ये प्रचारित किया जा रहा है कि बसपा प्रमुख संन्यास लेने वाली हैं। ये फर्जी और गलत खबर है।

### सरकारें अपने पक्ष में लाने की कोशिश में

मायावती ने कहा, उत्तर प्रदेश में हमने बसपा सरकार में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। लेकिन अब सरकारें रोजी-रोटी की गारंटी देने की बजाय सरकार थोड़ा-सा राशन देकर अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र और राज्य की सरकारों ने धर्म और संस्कृति के आड़ में राजनीति कर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है। कमजोर वर्ग अपनी भलाई के लिए बसपा को मजबूत बनाए।

### मंदिर निर्माण का स्वागत

मायावती ने कहा, मुझे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिला है. लेकिन अभी जाने को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। हम इस कार्यक्रम का स्वागत करते हैं और आगे भी जब बाबरी मस्जिद का ऐसा कोई कार्यक्रम होगा, तब भी हम उसका स्वागत करेंगे।

### वोट बैंक बचाने के लिए किया फैसला

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अपने वोटबैंक को बचाने के लिए लिया है। इंडिया गठबंधन से बसपा को फायदा नहीं, लेकिन गठबंधन को इसका लाभ मिल सकता था।

AAP और कांग्रेस आए करीब

## चंडीगढ़ में महापौर चुनाव के लिए गठबंधन पर राजी

■ आप ने वरिष्ठ उपमहापौर व उपमहापौर पद कांग्रेस के लिए छोड़े

एजेंसी । चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर जारी बातचीत के बीच कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में चंडीगढ़ में महापौर का चुनाव मिलकर लड़ने पर सहमति बन गई है। सूत्रों ने कहा कि दोनों दलों में बनी सहमति के अनुसार आप महापौर की सीट के लिए जबकि कांग्रेस वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद के लिए चुनाव लड़ेगी। चुनाव 18 जनवरी को होगा।

सूत्रों के अनुसार यह दोतरफा मुकाबला होने जा रहा है और विश्लेषकों का मानना है कि इससे दोनों दलों को भाजपा पर बढ़त मिलेगी। पैंतीस सदस्यीय चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा के 14 पार्षद हैं। इसके अलावा एक पदेन सदस्य सांसद भी होता है जिसके पास मतदान का अधिकार होता है। आप के 13 और कांग्रेस के सात पार्षद हैं। सदन में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का एक पार्षद है। महापौर, वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद के लिए गुरुवार को मतदान होगा। कांग्रेस ने 2022 और 2023 में मतदान में भाग नहीं लिया था जिससे महापौर के चुनाव में भाजपा की जीत हुई। सदन के पांच साल के कार्यकाल के दौरान हर साल तीन पदों के लिए चुनाव होते हैं। इस साल महापौर की सीट अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए सुरक्षित है।

### यूं जारी है बैठकों का सिलसिला

सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच अब तक दो दौर की बात हो चुकी है। दोनों ही पार्टी के नेता बैठकों को सकारात्मक बता रहे हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों ही पार्टियों के बीच लगभग ये तय हो चुका है कि कौन सी पार्टी किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### यह है गणित

चंडीगढ़ नगर निगम में कुल

| | |
|---|---|
| सदस्य | 35 |
| भाजपा | 14 |
| आप | 13 |
| कांग्रेस | 7 |

पदेन सदस्य 01 (सांसद)

पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई

## पूर्व मंत्री साधु धर्मसोत गिरफ्तार

■ वन घोटाला मामले में ईडी ने पहले की पूछताछ

एजेंसी । चंडीगढ़

कांग्रेस सरकार में वन मंत्री मंत्री रहे साधु सिंह धर्मसोत को सोमवार शाम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वन घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार कर लिया।

ईडी की टीम ने धर्मसोत को जांच के लिए बुलाया था और पूछताछ के दौरान वह स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाए तो ईडी की टीम ने उनको गिरफ्तार कर लिया। 30 नवंबर को ईडी ने पंजाब सरकार के



दो पूर्व मंत्रियों साधु सिंह धर्मसोत और संगत सिंह गिलजियां समेत कई अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी।

इससे पहले भी धर्मसोत को बुलाया गया था, लेकिन ईडी के अधिकारियों के पास पुख्ता प्रमाण नहीं थे। सोमवार को जब जालंधर कार्यालय बुलाया गया तो ईडी के अधिकारियों ने पुख्ता प्रमाण आगे रखकर साधु सिंह से बात की, जिसका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

इससे पहले 2023 की शुरुआत में धर्मसोत को आय से अधिक संपत्ति रखने के कथित मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भारतीय वन सेवा के दो अधिकारियों के साथ गिरफ्तार किया गया था।पिछले साल नवंबर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ ईडी की एक टीम ने होशियारपुर जिले के टांडा सब डिवीजन में गिलजियां के पैतृक गांव स्थित घर पर छापा मारा था।

सियासी मुलाकात: इधर, पीएम को पुस्तक भेंट... उधर, मकर संक्रांति पर भोज

## शर्मिष्ठा ने कहा बाबा के प्रति सम्मान नहीं हुआ कम

एजेंसी । नई दिल्ली

दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी पुस्तक 'प्रणब माय फादर: ए डॉटर रिमेंबर्स' की एक प्रति भेंट की। इसके बाद शर्मिष्ठा ने कहा कि उनके पिता के लिए प्रधानमंत्री का सम्मान कम नहीं हुआ है। शर्मिष्ठा ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया है। तस्वीरों में उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री ने मुझे मेरी किताब की प्रति भेंट करने के लिए बुलाया था। वह मेरे प्रति भी उतने ही दयालु थे, जितने वे हमेशा रहे हैं। बाबा (पिता) के लिए भी उनका सम्मान कम नहीं हुआ है। कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता शर्मिष्ठा ने अपनी किताब में अपने पिता के साथ की घटनाओं को याद किया है।

## सीएम नीतीश पहुंचे राबड़ी आवास, खाया दही-चूड़ा

एजेंसी । पटना

बिहार में मकर संक्रांति पर सियासी पतंगबाजी भी हुई। विपक्षी गठबंधन इंडिया की हाल की बैठक के बाद से जारी सियासी अटकलों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव से मिलने राबड़ी आवास पर पहुंचे। नीतीश यहां लालू प्रसाद यादव की ओर से आयोजित दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए। इस दौरान लालू यादव आग से हाथ सेंकते नजर आए। लालू यादव की ओर से सोमवार को दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए नीतीश पैदल ही सीएम



आवास से राबड़ी आवास पहुंचे । तेजस्वी यादव ने गेट पर सीएम की आगवानी की।

इस दौरान मीडिया ने नीतीश के सवाल पूछे, लेकिन सीएम हाथ जोड़कर मकर संक्रांति की बधाई देते हुए राबड़ी आवास में दाखिल हो गए। ज्ञात रहे कि नीतीश ने संयोजक का पद स्वीकार नहीं किया था।

आप की अहम घोषणा

## हर माह के पहले मंगलवार को सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

■ आज दिल्ली में 2600 स्थानों पर होंगे पाठ

एजेंसी । नई दिल्ली

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पार्टी ने घोषणा की है कि हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन करेगी। पार्टी ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब अयोध्या में



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को प्रस्तावित है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। भारद्वाज ने आरोप लगाया था कि भाजपा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर राजनीतिक ठप्पा लगाकर देश की दो तिहाई आबादी को भगवान राम से अलग करने की कोशिश कर रही है। सुंदरकांड के पाठ के आयोजन की आप की कवायद सॉफ्ट हिंदुत्व के सहारे आगामी चुनावों में हिंदू वोटरों को साधने की भी है।

### केजरीवाल रोहिणी में करेंगे सुंदरकांड का पाठ, लोगों को किया आमंत्रित

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सबकी सुख शांति और तरक्की के लिए मंगलवार को आम आदमी पार्टी दिल्ली में कई जगह सुंदरकांड का पाठ करवा रही है। मैं अपनी धर्मपत्नी के साथ 3 बजे रोहिणी के मंदिर में सभी भक्तजनों के साथ सुंदरकांड पाठ करूंगा। आप सभी अपनी सुविधानुसार अपने घर के पास होने वाले पाठ में आमंत्रित हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता और अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जानकारी दी थी कि पार्टी हर महीने के पहले मंगलवार को शहर के सभी विधानसभा क्षेत्रों और नगर निगम वार्ड सहित 2,600 स्थानों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करेगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इसके लिए आम आदमी पार्टी के भीतर एक संगठन बनाया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्योते का इंतजार!

सूत्रों के अनुसार केजरीवाल को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने कहा कि हालांकि, मुख्यमंत्री को कुछ दिन पहले एक पत्र मिला था जिसमें कहा गया था कि उन्हें एक औपचारिक निमंत्रण भेजा जाएगा और वह उस दिन अपना कोई और कार्यक्रम नहीं रखें।

### विपक्ष साध रहा है भाजपा पर निशाना

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा इस कार्यक्रम के जरिए राजनीतिक फायदा उठाना चाहती है। हालांकि, केजरीवाल पहले भी सार्वजनिक मंच से कह चुके हैं कि वो हनुमान जी के भक्त हैं। याद दिला दें कि मार्च 2021 में केजरीवाल ने कहा था कि वो हनुमान के भक्त हैं और हनुमान जी राम जी के भक्त हैं इस नाते वह राम जी के भक्त हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा खुशी की बात: भारद्वाज

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर भारद्वाज ने कहा, ये खुशी की बात है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। भारद्वाज ने कहा कि राम मंदिर के खिलाफ हमारे पास कोई सवाल नहीं है। मंदिर का निर्माण हमारे लिए खुशी और गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि पहले भी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाता रहा है।

## जरूरी खबर

### पीएम मोदी ने की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। फोन के जरिए हुई इस बातचीत में ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत हुई। हमने रणनीतिक साझेदारी में हुए विकास चर्चा की। हमने भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर भी सहमति जताई। हमने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बात की। हम दोनों ने ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

### उद्धव गुट पहुंचा SC, स्पीकर के फैसले को चुनौती



**नई दिल्ली।** शिवसेना के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 'असली शिवसेना' के फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, नार्वेकर ने विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिका को खारिज कर शिंदे के खेमे वाली शिवसेना को असली शिवसेना बताया था। सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना का एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने खारिज कर दिया था।

### इंडिगो की फ्लाइट में पायलट के साथ मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान के भीतर एक पायलट के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि साहिल कटारिया नाम के यात्री ने रविवार को इंडिगो एयरलाइंस के को-पायलट अनूप कुमार को उस समय मुक्का मार दिया जब वह विमान के भीतर घोषणा कर रहे थे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया। इस पूरी घटना को एक यात्री ने कैमरे में कैद कर लिया हालांकि, अब एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी को इंडिगो पायलट से माफी मांगते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने इस संबंध में मारपीट का मामला दर्ज किया।

## शौर्य संध्या में रणकौशल का प्रदर्शन







*लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को सेना दिवस पर शौर्य संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने सैन्य क्षमता व रणकौशल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान व सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी उपस्थित थे।*

**प्राण प्रतिष्ठा समारोह: योगीराज की बनाई प्रतिमा होगी विराजमान**

# पूजन विधि होगी आज से, 18 को गर्भ गृह में रखी जाएगी प्रतिमा

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूजन विधि मंगलवार से प्रारंभ हो जाएगी। प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में रखी जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा विधान 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 1 बजे तक पूरा हो जाएगा। कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज बनाई गई मूर्ति का श्री रामलला के श्री विग्रह के रूप में चयन किया गया है। इसी मूर्ति को मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाएगा। कृष्णशिला पर बनाई गई मूर्ति का वजन 150 से 200 किलोग्राम है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूजन विधि 21 जनवरी तक चलेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत अपने मनोभाव प्रकट करेंगे।

### करीब तीन घंटे तक चलेगा समारोह

प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन घंटे से ज्यादा समय चलेगा। निमंत्रण पत्र देने के पहले इसकी सूचना संतों को डाक विभाग से भी भेजी गई। इसमें कार्यक्रम के समय ऐहतियात बरतने की भी जानकारी दी गई है।




### आम जनता के लिए 23 से खुल जाएगा मंदिर

चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर 23 जनवरी से आम जनता के लिए सदा के लिए खुल जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम मंदिर के गर्भगृह के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद होंगे। इनके साथ चार और लोग मौजूद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 150 से अधिक संतों, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और पद्म पुरस्कार विजेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

### 15 दिन तक रहे मोबाइल से दूर

चंपत राय ने कहा कि अरुण योगीराज ने केदारनाथ में शंकराचार्य की मूर्ति बनाई है, इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा बनाई है। उन्हें अयोध्या में मूर्ति बनाने के दौरान पंद्रह दिन तक मोबाइल तक से दूर रखा गया। मंदिर में जो मूर्ति स्थापित होगी वो भगवान राम की 5 साल की अवस्था की है।

**इकॉनमी को लगेंगे पंख**

## देश में एक लाख करोड़ का होगा कारोबार

एजेंसी | नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग गए हैं। प्रतिष्ठा समारोह से देश में एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने यह दावा किया है। कैट ने अपना यह अनुमान विभिन्न राज्यों के 30 शहरों के व्यापार संघों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लगाया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा 30 हजार से अधिक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### राम मंदिर: मॉडल की मांग में तेजी

बाजारों को सजाने के लिए राम झंडे, पटके, टोपी, टी शर्ट व राम मंदिर की आकृति के छपे कुर्ते आदि की जबरदस्त मांग है। जिस तरह से राम मंदिर के मॉडल की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है, उसे देखते हुए देश भर में 5 करोड़ से अधिक मॉडल की बिक्री होने की संभावना है। मॉडल तैयार करने ही लिए देश के विभिन्न शहरों में दिनरात काम चल रहा है।

## सचिन तेंदुलकर भी हुए डीपफेक का शिकार

एजेंसी | नई दिल्ली



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हो गए हैं। तेंदुलकर द्वारा गेमिंग ऐप स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट का समर्थन करने वाला एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वायरल हो रहा है। वीडियो में न केवल क्रिकेट आइकन को ऐप की वकालत करते हुए दिखाया गया है, बल्कि यह झूठा दावा भी किया गया है कि उनकी बेटी सारा इससे वित्तीय लाभ उठा रही है।

तेंदुलकर ने डीपफेक वीडियो को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, ये वीडियो फेक है। तकनीक के बड़े स्तर पर दुरुपयोग को देखना परेशान करने वाला है। सभी से अनुरोध है कि वे बड़ी संख्या में ऐसे वीडियो, विज्ञापनों और ऐप्स की शिकायत करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को शिकायतों के प्रति सतर्क और तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। गलत सूचना और डीपफेक के बढ़ते चलन को रोकने के लिए उनकी ओर से तुरंत कार्रवाई करना बेहद महत्वपूर्ण है

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस वीडियो पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह कानून के उल्लंघन का मामला भी बनता है। कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय जल्द ही आईटी अधिनियम के तहत सख्त नियमों को अधिसूचित करेगा।

**पीएम जनमन अभियान की पहली किस्त जारी: 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी**

# जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा, मोदी उनको पूछता और पूजता भी है

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा, यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ हमारी सरकार लगातार काम कर रही है और इसी का फल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक



लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं। गरीबों को चार करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए। हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। पीएम मोदी ने आदिवासी महिलाओं से उनको मिलने वाली योजनाओं की जानकारी भी ली।

### योजना के लाभ से कोई नहीं छूटेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचे, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। कोई अति पिछड़ा अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की भावी पीढ़ियों को अब किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

**नीति आयोग: राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग गरीबी से बाहर**

## देश में 24.82 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त

एजेंसी | नई दिल्ली

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे ज्यादा घटी, उसके बाद बिहार, एमपी और राजस्थान का नाम है।

नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज रही। नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया।

## पतंगबाजी के साथ-साथ की रैंप वॉक, बच्चों ने पेंटिंग के जरिए दिया संदेश

# आसमान में पतंग और छतों पर ठुमके

**बेधड़क.जयपुर।** मकर संस्क्रांति पर अनन्य सोच सेवा संस्था एवं अनन्य सोच लेडीज क्लब के तत्वाधान में जयपुर में दो दिवसीय पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा संस्था और लेडीज क्लब की सदस्यों ने जमकर पतंगबाजी की। इसके साथ ही इस मौके पर आयोजित की गई अन्य गतिविधियों का लुत्फ उठाया। महोत्सव में लोगों ने पतंगबाजी के साथ-साथ बॉलीवुड के गानों पर डांस कर दिन को स्पेशल बनाया। साथ ही पतंग के साथ रैंप वॉक की। महोत्सव संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि महोत्सव के जरिए नो चाइनीज मांझा का उपयोग नही करने का संदेश दिया। पतंग में 'नो चाइनीज मांझा' लिख पतंग उड़ाई गई।



*जयपुर। त्रिपोलिया बाजार में रूंगटा परिवार ने एक साथ मिलकर पतंगबाजी की ओर सभी महिलाओं ने मिलकर गानों में डांस कर एंजॉय किया।*



### गोवंश की सेवा कर किया दान पुण्य

मकर संक्रांति पर पिंजरापोल गौशाला में श्री पिंजरापोल गौशाला समिति एवं सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनीज की ओर से दो दिवसीय मकर सक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि नारायण अग्रवाल, विज्ञान भारती के सचिव डॉ. मेगेन्द्र शर्मा, फकड नाथ महाराज, अमरनाथ महाराज, मुकेश भारद्वाज ने गाय माता की पूजा अर्चना एवं आरती कर महोत्सव की शुरुआत की। इस दौरान गौशाला परिसर में अनेक स्टालें लगाई गईं। लोगों को निशुल्क ज्यूस भी पिलाया गया। महोत्सव में हेनिमैन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता, प्रशांत चतुर्वेदी, संगीता गौड़, गौशाला समिति के राधेश्याम विजयवर्गीय, विवेक लड्ढा ने शुभकामनाएं दीं।



### बच्चों ने बांधा समां

पतंगोत्सव के दौरान बच्चों के लिए काइट एग्जिबीशन रखी गई जिसमें बच्चों ने चाइनीज मांझे से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को अवेयर किया। साथ ही दिन को स्पेशल बनाने के लिए सेल्फी खींची और रील्स बनाई। महोत्सव संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि जयपुर में मकर संक्रांति पर पतंगोत्सव 14 और 15 जनवरी को मनाया। पहले दिन पतंग सजाने वाली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बेस्ट पतंग डेकोरेट के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शहर चाइल्ड-मॉडल एक्टर अर्विक बैराठी ने बॉलीवुड गानों पर जमकर ढुमके लगाए। इस मौके पर संस्था फाउंडर अविनाश पाराशर, विपिन, अर्विक सहित अन्य मौजूद थे।

### 289 लोगों को किया सम्मानित

मकर सक्रांति पर पतंगों की डोर से घायल होने वाले बेजुबान पक्षियों के उपचार के लिए विद्याधर नगर में लगाए गए 3 दिवसीय चिकित्सा शिविरों में चाइनीज मांझे से घायल 289 पक्षियों का उपचार किया गया। हरिओम जन सेवा समिति, राजस्थान सर्व समाज सेवा समिति, राजस्थान जन्म मंच पक्षी चिकित्सालय, भगवती प्लास्टिक एंड पाइप इंडस्ट्रीज एवं दाना शिवम हॉस्पिटल विद्याधर नगर की ओर से लगाए गए इन शिविरों का महापौर सौम्या गुर्जर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, राजस्थान पीएचडी चैंबर के सहअध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत, प्रदेश अग्रवाल महासभा अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने सभी चिकित्सा शिविरों का दौरा किया। इस दौरान समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, दाना शिवम हॉस्पिटल के मुख्य प्रबंधक नरेंद्र सोमरा , सौर ऊर्जा वाले चिरंजीलाल ,पार्षद सुरेश जांगिड़, शिविर प्रभारी तुलसी सोनी, संगठन मंत्री अजय कांत हिंदू, विवेक गुप्ता , संजय बाफना, वीरेंद्र पारीक , सुरेश मेहता के साथ समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोयल ने बताया कि पक्षियों का जीवन बचाने वाले लोगों को समिति की ओर से जीव दया सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

### लजीज पकवानों का लिया आनंद

महोत्सव में लजीज पकवानों का आनंद सदस्यों ने लिया। इस दौरान फीणी, पकौड़ी, गुड़- तिल की गजक सहित अन्य पकवानों का लुत्फ लोगों ने लिया। महोत्सव संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि जयपुर में मकर संक्रांति पर पतंगोत्सव 14 और 15 जनवरी को मनाया जाएगा। पहले दिन पतंग सजाने वाली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## कैंपों में किया पक्षियों का उपचार



**बेधड़क. जयपुर।** पतंगबाजी में घायल पक्षियों के उपचार के लिए शौर्य सेवा संस्थान की ओर से 5 जगहों पर दो दिवसीय कैंप लगाया गया। कैंप संयोजक भवानी शंकर माली ने बताया कि गुर्जर की थड़ी, महेश नगर, मानसरोवर किरण पथ, रीको कांटा, मान्यावास, सांगानेर के कैंपों में दो दिन में 122 पक्षियों का रेस्क्यू कर इलाज किया गया। संस्थान सचिव संतोष सैनी ने बताया कि सुल्तान नगर, गुर्जर की थड़ी स्थित कैंप स्थाई रूप से जारी रखा जाएगा।



**जयपुर।** हेल्प एंड सर्व चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी के पक्षी चिकित्सा शिविर में 70 पक्षियों का इलाज किया गया। संरक्षक अजय यादव (पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन) एवं निर्देशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि समापन समारोह में गोविंददेवजी मंदिर के मानस गोस्वामी, आदर्श नगर भाजपा प्रत्याशी रवि नैयर, चतुर्वेदी मंदिर गीता गायत्री मंदिर के राजकुमार कैलाश मित्तल, मातादीन सोनी, सीएस शर्मा डीन अपोलो कॉलेज, संतोष कंवर पार्षद, उप निरीक्षक थाना गलता गेट अभिषेक ने शिरकत की। समापन समारोह में वेटरनरी चिकित्सकों एवं वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोविंद नारायण जांगिड़ (गुरुजी), कौशल गुप्ता, नंदलाल शर्मा, किशन जांगिड़, माया तंवर, लखन साहू, हरजिंदर सिंह, अनिल जांगिड़, अनिल सेन, भवर सिंह, लोकेश, गिर्राज, अंकित, हेमा थापा, कोमल रेखा, महेश शर्मा, बुद्धिप्रकाश व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**जयपुर।** श्रीकृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शेखावाटी हॉस्पिटल विद्याधर नगर के शिविर में सैंकड़ों पक्षियों की जान बचाई गई। शेखावाटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. सर्वेश जोशी, कार्यकारी निदेशक डॉ. एस पी यादव, श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु यादव एवं कैम्प संयोजक कुलदीप यादव ने बताया कि शेखावाटी हॉस्पिटल के बाहर, चौमूं पुलिया, श्री विनायक रेस्टॉरेंट विद्याधर नगर, मंदिर मोड़ सर्किल विद्याधर नगर, पार्षद कार्यालय वार्ड नं 22, अलका सिनेमा, पार्षद कार्यालय वार्ड नं 35 में कैम्प लगाए गए। इसमें जयसिंह नरुका, कालूराम वर्मा, मनोज, सुनील रजनी, नीरू, रोहिताश, सुनील चौधरी, ज्ञानसिंह सोलंकी, दौलतराम, मनोज सैनी, पारस गुर्जर, निर्मल गुप्ता, मुरारी शर्मा, सुरेंद्र यादव, आर एन यादव, वीरेंद्र जांगिड़, सावित्री चौधरी, कृष्ण वीर राजावत, जतिन बाहेती, राजेश राईका, सौरभ दाधीच, स्नेहलता साबू, दिव्या शर्मा साबू, श्यामसुंदर आदि ने शिविरों में सेवाएं दीं।

## City इवेंट्स

### सौरभ सागर ने की द्रव्य कर्म की व्याख्या



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर जी में विराजित आचार्य सौरभ सागर ने सोमवार को धर्म सभा में द्रव्य कर्म और भाव की विवेचनात्मक व्याख्या की गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार आचार्य ने कहा कि बिना भाव के भी कर्म का बंध होता है। इसी तरह क्रिया से भी भावों का बंध होता है। द्रव्य क्रियाएं भावों को प्रकट करती है तथा पद के विपरीत भी क्रिया करना भी कर्म का बंध का कारण बनता है। आचार्य ने आगे बताया कि यह प्रवचन एक तरह से पाठशाला है और कर्म स्थल सुने व समझे गए प्रवचन की प्रयोगशाला है। धर्म सभा में मंगलाचरण अनीता बिंदायक्या द्वारा तथा दीप प्रज्ज्वलन झोटवाड़ा समाज के अध्यक्ष धीरज पाटनी द्वारा किया गया। आचार्य के सानिध्य में बुधवार को साज बाज के साथ सम्मेद शिखर विधान का आयोजन रखा गया है।

### नहर के गणेश के पतंग झांकी सजाई

**बेधड़क. जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूंड और दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेश जी महाराज के मंदिर में सोमवार को पतंग झांकी सजाई गई। मकर संक्रांति पर महंत परिवार की ओर से महंत जय शर्मा व युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने गणपति महाराज के दरबार को रंग बिरंगी पतंगों से सुसज्जित किया। गणपति के दरबार में सजाई गई इस नयनाभिराम झांकी को देखने के लिए भक्त देर रात तक मंदिर में आते रहे।



### कार्यशाला में बाल श्रम पर दी जानकारी



**बेधड़क. जयपुर।** राज्य स्तरीय संवाद कार्यशाला का आयोजन एक्शन ऐड संस्था की ओर से होटल आंगन में किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल श्रम, अधिकार और सिलिकोसिस के बारे में जानकारी दी और खुली चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में प्रदेश के सिलिकोसिस सलाहकार डॉ. पीके सिसोदिया तथा विशेष योग्यजन विभाग के अतिरिक्त निदेशक व नोडल अधिकारी अशोक जांगिड़ मौजूद रहे। वहीं, रीजनल हेड सियोन और सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान के कमल कुमार, बाल श्रम विशेषज्ञ हेमलता, कार्यक्रम मैनेजर विकास सिंह और केंद्र प्रभारी मूलचंद आदि मौजूद रहे।

## चालीस कलाकारों ने दिखाई कला

# कार्यशाला में चित्रकारों ने कैनवस पर उकेरे अपने-अपने राम





**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान ललित कला अकादमी और शुभ विचार संस्था की ओर से अकादमी की कला दीर्घा में भगवान श्री राम के जीवन चरित्र और उनके विभिन्न पहलुओं पर चित्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान और जयपुर के 40 से अधिक सीनियर और युवा चित्रकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के जीवन पहलूओं पर आधारित चित्रों को चित्रित किया। किसी ने अयोध्या को दिखाया तो किसी ने राम का राज तिलक। किसी ने राम के करुणा भाव को दर्शाया। अलग-अलग प्रकार से सभी कलाकारों ने अपनी दृष्टि विवेक से राम के जीवन चरित्र उतरित करने की प्रयास किया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार धर्मेंद्र राठोर, नीलू कंवरिया, वंदना व्यास, तृप्ति निर्वाण, पूर्णिमा पंत, बिंदु सलूजा, सावित्री शर्मा, रेनू नावरिया, किरण राजे, पूजा भारद्वाज, ज्योति चोरड़िया, रितु शर्मा, मिंटू भारद्वाज, प्रिया मारू, विभोर शर्मा, अंशुल राठौर, अक्षरा माहेश्वरी, रश्मि राजावत, भूमिका सिंह, श्रुति, नैन, रेखा अग्रवाल, ऋतु माहवार, सिमरन सोनी, शीला पुरोहित, भावना, मनीष आदि प्रमुख थे। इस कार्यशाला में जो चित्र चित्रित कैनवास के ऊपर हुए हैं। उनकी एग्जीबिशन जवाहर लाल केंद्र में ही लगाई जाएगी।

## मिजमानी उत्सव के तहत आयोजन

# मिथलापुर की सखियों ने ससुराल में सीता-राम की पतंगें उड़ाई



**बेधड़क | जयपुर**

मिजमानी उत्सव के तहत मकर संक्रांति के दिन मिथिलानियों ने मंदिर श्रीसीताराम में पतंग उड़ाई और राम-सीता को मीठे व्यंजन खिलाए। सखियों ने दो दल बनाए। एक तरफ सीता जी के साथ मिथिलानिया और राम-लक्ष्मण के साथ अवध से बराती आए।

मंदिर महंत नंदकिशोर शर्मा व दीपक शर्मा ने मंदिर को पतंग-डोर से सजाया। ठाकुर को नई पोशाक व सुंदर आभूषण से सजाया गया और सुंदर तिलक लगाया। चार तरह का चूरमा खिलाया गया। सुबह ठाकुर के साथ आए सभी बराती संत-महंतों को जिमाया और शाम को मिथिला की सखियों ने संक्रांति पर जयपुर में जंवाई को घर बुलाकर व्यंजन खिलाते हैं। उसी प्रकार आज सखियों ने जयपुर की प्रसिद्ध मिठाई खीर-फीणी और गाजर का हलवा के साथ गजक, तिल के लड्डू दाल की पकोड़ी आलू मटर की सब्जी ठाकुर को जिमाया गया। सीताराम समाज के मंत्री रामबाबू झालाणी ने बताया कि एक तरफ सीता जी के साथ मिथला की सखियां और दूसरी तरफ राम के साथ अवध वासी राम और सीता ने पतंग उड़ाई। जब राम जी की पतंग कटती तो मिथिला की सखी सीता जी की जय बोलती और जब सीता जी की पतंग कटती तो अवध वाले राम जी की जय बोलते।

**परंपरा** सिटी पैलेस में सभा निवास की छत पर संक्रांति सेलिब्रेशन

# हेरिटेज आंगन में पतंग उड़ाकर रोमांचित हुए पावणे

**बेधड़क | जयपुर**

सिटी पैलेस में सभा निवास की छत पर पतंग महोत्सव मनाया गया। उत्सव में सिलेब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने परिवार सहित पतंगबाजी का आनंद उठाया। इसके साथ ही देशी विदेशी पर्यटकों और आगंतुकों ने पतंग उड़ाई और शहर की पंतगबाजी के इतिहास के बारे में जानकारी ली। उत्सव में पर्यटकों के लिए निःशुल्क पतंग और डोर की व्यवस्था की गई।



### पद्मनाभ सिंह ने चंद्र महल से उड़ाई पतंग

सवाई पद्मनाभ सिंह ने चंद्र महल के मुकुट महल से पतंग उड़ाई। गौरतलब है कि सवाई मान सिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें सिटी पैलेस आने वाले देशी व विदेशी पर्यटकों को पतंगबाजी का आनन्द उठाने का अवसर मिलता है। इसका उदेश्य गुलाबी शहर की पतंगबाजी की प्राचीन परम्परा और संस्कृति को बनाए रखने और शहर में आने वाले पर्यटकों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराना है। उत्सव के दौरान राजस्थानी लोक गायक द्वारा पारंपरिक राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति दी गई। पर्यटकों और आगंतुकों ने पतंग उड़ाने के साथ पारंपरिक व्यंजनों दाल की पकौड़ी और तिल के लड्डुओं का लुत्फ उठाया।

### प्राचीन पतंग तुक्कल का प्रदर्शन

सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में सवाई राम सिंह द्वितीय के समय (1835-1880) की विभिन्न प्रकार की चरखियों के साथ तितली के आकार की एक बड़ी पतंग 'तुक्कल' भी प्रदर्शित की गई। 'तुक्कल' पतंग एक विशेष प्रकार की फाइटर-काइट है, जो सवाई राम सिंह द्वितीय के समय से लोकप्रिय है। उस समय की विशेषता थी, कि पूर्व राजा-महाराजा मखमल से बनी पतंगें और सूत से बने धागों से पतंगे उड़ाया करते थे। इसे आकर्षक बनाने के लिए इनमें सोने-चांदी के घुंघरू लगाई जाती थी। ये पतंगे जहां भी घिरती थीं, वहां से लाने के लिए घुड़सवारों को भेजा जाता था। जो घुड़सवार ये पतंग ढूंढकर लाता था, उन्हें पुरस्कृत किया जाता था।



कोई फर्क नहीं सब कुछ जीत लेने में और अंत तक हिम्मत न हारने में।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## कड़ाके की सर्दी के कारण चुनाव टालने का प्रस्ताव खारिज

# पाक में चुनाव से पहले महंगाई की मार, प्याज 250 पार

एजेंसी | लाहौर

पाकिस्तान में अगले महीने प्रस्तावित आम चुनाव से पहले महंगाई की भारी मार देखने को मिल रही है। एआरवाई न्यूज ने रविवार को बाजार सूत्रों के हवाले से बताया कि लाहौर में प्याज की कीमत 250 रुपए (पीकेआर) प्रति किलो से अधिक तक पहुंच गई है।

वहीं अंडे की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) प्रति दर्जन तक हो चुकी है। पिछले महीने, आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) ने राष्ट्रीय मूल्य निगरानी समिति (एनपीएमसी) को मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी को रोकने के उपायों के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ नियमित समन्वय जारी रखने का निर्देश दिया था। एआरवाई न्यूज ने वित्त मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस बयान का हवाला देते हुए बताया कि केबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता वित्त, राजस्व और आर्थिक मामलों के कार्यवाहक संघीय मंत्री शमशाद अख्तर ने की थी।

### आठ फरवरी को ही होंगे चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव तय समय पर आठ फरवरी को ही होंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा है कि इसे टाला नहीं जा सकता है, क्योंकि सारी तैयारियां हो चुकी हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि उसने आठ फरवरी को चुनाव कराने का संकल्प पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट में भी प्रस्तुत किया है। चुनाव आयोग की ओर से यह बयान सीनेट में चुनाव टालने के प्रस्ताव के बीच आया है। प्रस्ताव में यह तर्क दिया गया था कि कड़ाके की सर्दी और सुरक्षा कारणों को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इसे अधिक पार्टियों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। सीनेट में मौजूद सौ सदस्यों में से सिर्फ 14 ने इसका समर्थन किया था।

### पिछले चुनाव भी ठंड में ही हुए थे

चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी आठ फरवरी को चुनाव कराने का संकल्प प्रस्तुत किया है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि पिछले राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव भी ठंड के मौसम में ही हुए थे। इसलिए यह चुनाव आयोग के लिए सही नहीं होगा कि वह आम चुनाव को स्थगित कर दे। गौरतलब है सीनेट द्वारा पारित प्रस्ताव में चुनाव में देरी करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं होता है।

## साक्षात्कार में बोलीं निक्की हेली

# मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ में

एजेंसी | वाशिंगटन

रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि वह उपराष्ट्रपति बनने की इच्छुक नहीं हैं। वह सिर्फ राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अमेरिका की अगली राष्ट्रपति बनने की दौड़ में हैं और जीतने की कोशिश कर रही हैं।

गौरतलब है कि निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की दौड़ में अकेली महिला हैं। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की ने सीबीएस न्यूज साक्षात्कार में यह बात उस वक्त कही जब उनसे पूछा गया कि आपको बहुत से लोग राष्ट्रपति के बजाय उपराष्ट्रपति के रूप में ज्यादा पसंद करते हैं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुझे उपराष्ट्रपति में कोई दिलचस्पी नहीं है।



### ट्रंप को बताया अराजक

यह पूछे जाने पर कि वह उन मतदाताओं से क्या कहेंगी जो उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिए पसंद करते हैं और राष्ट्रपति पद के लिए अभी भी ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। हेली का इसके जवाब में कहना था कि, ठीक है अगर आप अराजकता के चार और साल चाहते हैं।

### अभी डोनाल्ड ट्रंप सबसे आगे

गौरतलब है कि आयोवा कॉकस के साथ नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए उम्मीदवार चुनने के लिए रिपब्लिकन प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हो रही है। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हेली पर अच्छी खासी बढ़त बना रखी है और वे पार्टी के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। ट्रंप ने आयोवा कॉकस से एक दिन पहले आयोवा के इंडियनोला में एक रैली में हेली पर निशाना साधते हुए कहा कि निक्की ने अच्छा काम किया है, लेकिन वह राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं। एक ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि 48 प्रतिशत लोगों की पहली पसंद अभी भी ट्रंप ही हैं। हेली को 20 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त है, जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 16 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दौड़ में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी भी शामिल हैं, लेकिन अभी वह बहुत पीछे हैं।

## हॉट एयर बैलून हादसे में चार लोगों की मौत

**फीनिक्स।** अमेरिकी राज्य एरिजोना के रेगिस्तान में हॉट एयर बैलून के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना शहर के पास एक ग्रामीण रेगिस्तानी इलाके में हुई जो राजधानी फीनिक्स से 105 किमी दूर है। जब यह हादसा हुआ तब हॉट एयर बैलून में कुल 13 लोग थे। दुर्घटना से पहले स्काइडाइवर गोंडोला से बाहर निकल गए।

# ज्वालामुखी फटा, शहर में घुसा लावा

एजेंसी | आइसलैंड

दक्षिण पश्चिम आइसलैंड में रविवार को एक ज्वालामुखी फट गया। ज्वालामुखी का पिघला हुआ लावा दोपहर तक एक छोटे से मछली पकड़ने वाले शहर के बाहरी इलाके में पहुंच गया जिससे कुछ घर जल गए। हालांकि शहर को पहले ही खाली करा लिया गया था, जिसकी वजह से किसी भी व्यक्ति को कोई भी खतरा नहीं था। अधिकारियों ने जानकारी दी कि दक्षिण पश्चिम आइसलैंड में एक ज्वालामुखी फट गया। ज्वालामुखी का पिघला हुआ लावा शहर के एक इलाके में पहुंचने से हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन इससे कुछ घर जल गए। राष्ट्रपति गुडनी जोहानसन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, "किसी की भी जान को इस ज्वालामुखी से खतरा नहीं पहुंचा है। उड़ानों में रुकावट नहीं आई है।"




## चांद पर नहीं जा सकेगा अमेरिका का लैंडर

# आसमान में बन जाएगा आग का गोला

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका का प्राइवेट चंद्रमा लैंडर पेरेग्रीन 8 जनवरी को इस उम्मीद में लॉन्च किया गया था कि यह 50 वर्षों में अमेरिका का चांद पर पहला लैंडर होगा। बदकिस्मती से लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही इसे ईंधन रिसाव का सामना करना पड़ा। अब इस लैंडर के लिए एक और बुरी खबर है। उम्मीद है कि लैंडर वापस पृथ्वी की कक्षा में आकर जमीन से टकरा जाएगा। इस अंतरिक्ष यान को एस्ट्रोबोटिक की ओर से बनाया गया था और यूनाइटेड लॉन्च एलायंस वल्कन सेंटौर रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। अंतरिक्ष यान ने अपने बूस्टर चरण से अलग होने के बाद ईंधन रिसाव का सामना किया। इस खराबी ने पूरे मिशन को बदल कर रख दिया था।



### पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आएगा यान

एस्ट्रोबोटिक के इंजीनियर इस स्थिति से निपटने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। कंपनी की नवीनतम ट्रैजेक्टरी से संकेत मिलता है कि पेरेग्रीन संभवतः पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आ जाएगा। इस कारण वह हवा में ही जल जाएगा। एस्ट्रोबोटिक ने एक नए अपडेट में कहा, 'ईंधन रिसाव के कारण हमारे विश्लेषण को चुनौती मिल रही है। इस कारण स्पेसक्राफ्ट की ट्रैजेक्टरी में भी अनिश्चितता है।' पिट्सबर्ग में मौजूद टीम जितना संभव हो सके लैंडर के जीवन को बढ़ाने में लगी है।

### कब पृथ्वी पर आएगा स्पेसक्राफ्ट

स्पेसक्राफ्ट कब और कहां पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करेगा, इसकी तारीखों का विवरण अभी सामने नहीं आया है। हालांकि कंपनी ने मान लिया है कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में ही खत्म होगा। पेरेग्रीन का फेल होना उन प्राइवेट प्लेयर्स के लिए एक झटका है, जिन्हें नासा अपने चंद्र अन्वेषण मिशन में शामिल कर सकता था। लैंडर में अन्य पेलोड के अलावा पांच वैज्ञानिक उपकरण भी थे, जो नष्ट हो जाएंगे। कंपनी ने कहा है कि वह नासा के साथ मिलकर काम कर रही है।

## प्रशांत द्वीप के देश नाउरू ने वापस ली राजनयिक मान्यता

# ताइवान के पाले से छिटका एक और देश

एजेंसी | ताइपे

चीन के ताइवान पर अधिकार पर मुहर लगाते हुए प्रशांत द्वीप के देश नाउरू ने अपनी राजनयिक मान्यता ताइवान से चीन में स्थानांतरित कर दी है। नाउरू ने ऐलान किया कि ताइवान चीन का ही हिस्सा है और वो अब चीन के साथ ही सारे संबंध रखेगा। नाउरू के इस कदम से ताइवान के पास अब दुनिया भर में केवल 12 राजनयिक सहयोगी रह गए हैं। ताइवान के अब 11 देशों और वेटिकन के साथ ही आधिकारिक संबंध हैं। इन 11 देशों में से सात लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में हैं, तीन प्रशांत द्वीप समूह में हैं और एक अफ्रीका में है। नाउरू ने कहा कि अब हम ताइवान को अलग देश नहीं मानेंगे और उसे चीन का ही अभिन्न अंग मानेंगे। नाउरू ने कहा कि अब हम ताइवान से कोई राजनीतिक या कूटनीतिक संबंध नहीं रखेंगे।

### नहीं पड़ेगा असर क्योंकि न पॉपुलेशन, ना साख

विश्व राजनीति के जानकारों के मुताबिक नाउरू के इस फैसले का ताइवान पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि नाउरू की दुनिया में कोई बड़ी साख नहीं है। साथ ही नाउरू की जनसंख्या भी नाममात्र की है। यहां केवल 12 हजार 500 लोग रहते हैं। नाउरू को सुखों का द्वीप भी माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी काफी कम आबादी है और यहां लोग काफी सुख चैन से रहते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl